शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 101 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 07 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ: एनटीए

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी-2024 में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार पूरी तरह से निराधार हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है। एनटीए ने कहा कि छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और सभी संबंधित लोगों को सूचित किया गया है कि परीक्षा के सम्बंध में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित पोस्ट के माध्यम से यह धारणा बनाई जा रही है कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस आशय की पोस्ट पूरी तरह से निराधार हैं। एनटीए ने आगे कहा कि परीक्षा केंद्र बंद कर दिये गए थे और बाहर से किसी को भी हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं थी, जो सीसीटीवी निगरानी में हैं। एनटीए ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 5 मई को अन्य देशों के 14 शहरों और देशभर के 571 शहरों में 4750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी-2024 सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

## जेट एयरवेज फाउंडर नरेश गोयल को अंतरिम जमानत

**मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 2 महीने की अंतरिम जमानत दे दी। वे 8 महीने बाद मुंबई की ऑर्थर रोड जेल से बाहर आएंगे। नरेश को 1 सितंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने गोयल को एक लाख रुपए का मुचलका भरने को कहा है।

## जगन रेड्डी और चन्द्राबाबू नायडू को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी और पूर्व मुख्यमंत्री चंद्राबाबू नायडू को एक दूसरे के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग करने के मामले में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चेताया है।

# 'संकल्प पत्र की घोषणाओं पर अमल करेंगे'

## 4 जून राज्य की बीजेडी सरकार की एक्सपायरी डेट, नई सरकार का निमंत्रण देने आया हूं: पीएम मोदी

**बहरामपुर/नवरंगपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ओडिशा के बहरामपुर और नवरंगपुर में रैली की। उन्होंने कहा- कल मैं प्रभु राम की नगरी अयोध्या में था। आज महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर आया हूं। ओडिशा में इस बार 2 यज्ञ एक साथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है। और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। आप जानते हैं कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। इसलिए, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। ये मोदी की गारंटी है। 4 जून पर यहां की बीजेडी सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज 6 मई है, 6 जून को बीजेपी के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में बीजेपी के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं।

**ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है**

मोदी बोले- ओडिशा में बीजेडी अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं। सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। ओडिशा में करीब 50 साल तक कांग्रेस और करीब 25 साल तक बीजेडी रही, लेकिन क्या हुआ, सबने देखा।

**अमीर ओडिशा के लोग गरीब बने हुए हैं**

प्रधानमंत्री ने कहा- ओडिशा में उपजाऊ भूमि, खनिज संसाधन, समुद्री तट, बरहामपुर जैसा व्यापार केंद्र, संस्कृति, विरासत और न जाने क्या-क्या है। फिर भी, इस 'अमीर' ओडिशा के लोग गरीब बने हुए हैं।




"आप जानते हैं कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। इसलिए, यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। ये मोदी की गारंटी है"

## भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है: पीएम

**भुवनेश्वर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में हुंकार भरी। गंजम में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी राज्य की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को घेरा। उन्होंने कहा कि चार जून को बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। उन्होंने दावा किया कि 10 जून को भाजपा उम्मीदवार ओडिशा में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "ओडिशा में इस बार दो यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। मैं आज ओडिशा भाजपा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। ओडिशा भाजपा ने, ओडिशा की आकांक्षाओं को, यहां के युवा सपनों को ध्यान में रखते हुए, यहां की बहनों-बेटियों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए बहुत ही विजनरी संकल्प पत्र जारी किया है।"



**पीएम मोदी ने बीजद सरकार को घेरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। बीजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, "चार जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज छह मई है, छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं।" पीएम मोदी ने आगे कहा, "ओडिशा में बीजद अस्त है, कांग्रेस पस्त है।

## 'ओडिशा अमीर है, जनता गरीब, यह पाप पहले कांग्रेस-बीजेडी ने किया'



**ब्रह्मपुर**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां चुनावी जनसभा में कांग्रेस और बीजेडी को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अमीर है। जनता गरीब है। यह पाप पहले कांग्रेस और इसके बाद बीजेडी के नेताओं ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उमड़े जनसमूह से इस बार आम चुनाव में 400 पार के अपने संकल्प सिद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जैसे त्रिपुरा को 30 साल से ज्यादा के कम्युनिस्ट और कांग्रेस के शासन ने तबाह कर दिया। वहां के लोगों ने भाजपा को जिताया और अब त्रिपुरा तेज गति से विकास कर रहा है। उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था के लिए बदनाम हो चुका था। हमें मौका दिया योगी जी बैठे और आज उत्तर प्रदेश विकास कर रहा है।" "चार जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है। आज छह मई है और छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा।" उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी की अगली जनसभा नबरंगपुर में दोपहर 12:45 बजे होनी है।

## सेक्स स्कैंडल- एसआईटी ने पीड़ितों के लिए हेल्पलाइन बनाई

### वीडियो शेयर करने वालों पर कार्रवाई होगी; आरोपी प्रज्वल के खिलाफ ब्लूकॉर्नर नोटिस जारी



**बेंगलुरु**

कर्नाटक के हासन से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के महिलाओं से यौन उत्पीड़न केस की जांच कर रही एसआईटी ने पीड़ितों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। एसआईटी हेड और बीके सिंह ने कहा कि पीड़ित महिलाएं 6360938947 पर कॉल कर सकती हैं। उन्हें एसआईटी ऑफिस जाने की जरूरत नहीं है, टीम खुद जाकर उनसे बात करेगी। एसआईटी ने लोगों को चेतावनी दी है कि वे रेवन्ना और पीड़ित महिलाओं के वीडियो सोशल मीडिया या पर्सनल मैसेंजर एप्लिकेशन पर शेयर न करें। शेयरिंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लूकॉर्नर नोटिस जारी हो गया है।

## राहुल गांधी के खिलाफ 200 कुलपतियों ने लिखा खुला पत्र, कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली**

देशभर के करीब 200 अग्रणी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के चयन प्रक्रिया संबंधी बयान की आलोचना करते हुए एक खुला पत्र लिखा है। कुलपतियों ने पत्र के माध्यम से राहुल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक्स हैंडल और अन्य स्रोतों से हमारे संज्ञान में आया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता की बजाय पूरी तरह से किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है, जिससे योग्यता पर सवाल उठता है। कुलपति और अन्य वरिष्ठ शिक्षाविदों ने संयुक्त बयान में राहुल गांधी के बयान को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया योग्यता के आधार पर पारदर्शी तरीके से चल रही है। साथ ही, कुलपति अपने कार्य में संस्थानों के सम्मान और नैतिकता का भी ख्याल रखते हैं। यह भी कहा जाता है कि अगर वैश्विक रैंकिंग पर नजर डालें तो भारतीय विश्वविद्यालयों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। इस बीच, संयुक्त बयान पर 180 कुलपतियों और शिक्षाविदों के हस्ताक्षर हैं। हस्ताक्षरकताओं में संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, एनसीईआरटी, नेशनल बुक ट्रस्ट, एआईसीटीई और यूजीसी आदि के प्रमुख भी शामिल हैं।



## राहुल राममंदिर पर फैसला पलटना चाहते हैं: प्रमोद कृष्णम



### करीबियों से कहा था- सरकार बनी तो शाहबानो केस की तर्ज पर एक्शन लेंगे

**संभल**

पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं। जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। पूर्व कांग्रेस नेता व ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी टीम इस देश को किसी न किसी बहाने से तोड़ना चाहती है। पहले की कांग्रेस और वर्तमान की कांग्रेस में काफी फर्क है। कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं। जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था। आचार्य ने ऐंचोड़ा कंबोह स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी की जब स्थापना हुई तो देशभक्त नेता थे। उस वक्त की कांग्रेस ने देश को जोड़ने का काम किया। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने भारत को जोड़ने का काम किया। वर्तमान की कांग्रेस देश को तोड़ना चाहती है। राहुल गांधी और उनकी टीम देश को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर तोड़ने में लगी है। इसलिए वह गलत बयानबाजी करते हैं।

## मुंबई दंगा मामले में निर्देशों का पालन न होने पर कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया है कि 1992 में मुंबई दंगों में लापता लोगों के परिजनों को मुआवजा देने के लिए जारी किए गए निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करें। इससे पहले 4 नवंबर 2022 को मामले में कुछ निर्देश दिए थे लेकिन इनका पालन नहीं किया जा रहा था। इस पर न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुयान की पीठ ने नाराजगी जताई है। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग से जस्टिस बी एन श्रीकृष्णा आयोग की सिफारिशों पर गौर करने को कहा है। यह भी निर्देश दिया है कि इसे लेकर 19 जुलाई से पहले एक अनुपालन रिपोर्ट भी दाखिल करें। इस मामले में एक स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर अब 26 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुंबई दंगों की परिस्थितियों, घटनाओं, कारणों और तमाम पहलुओं की जांच के लिए, 25 जनवरी 1993 को राज्य सरकार द्वारा न्यायमूर्ति श्रीकृष्णा की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया गया था। 2022 में श्रीकृष्णा



## जामिया मिलिया को आरसीए में ओबीसी और ईडब्ल्यूएस छात्र-छात्राओं के दाखिले पर हाई कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने जामिया मिलिया इस्लामिया को निर्देश दिया है कि वो अपने रेजिडेंशियल कोचिंग एकेडमी (आरसीए) में ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के छात्र-छात्राओं को दाखिला देने की मांग पर प्रतिवेदन की तरह विचार करे। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। लॉ स्टूडेंड सत्यम सिंह ने दायर याचिका में कहा कि आरसीए में सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए मुफ्त में कोचिंग करायी जाती है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील संजय पोद्दार और आकाश वाजपेयी ने कहा कि आरसीए में केवल अल्पसंख्यक या एससी-एसटी समुदाय के छात्र-छात्राओं का मुफ्त में दाखिला लिया जाता है।

# तीसरा फेज, 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग आज

### एमपी में मामा, महाराजा और राजा की किस्मत दांव पर; महाराष्ट्र में ननद-भौजाई मैदान में

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में मंगलवार (7 मई) को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटें थीं, लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने और 8 कैंडिडेट के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

वहीं जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश की बैतूल सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद सेकेंड फेज (26 अप्रैल) को होने वाली वोटिंग 7 मई को शिफ्ट कर दी गई। मध्य प्रदेश की तीन सीटों- विदिशा से शिवराज सिंह चौहान (मामा), गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया (महाराजा) और राजगढ़ से दिग्विजय सिंह (राजा) की किस्मत दांव पर है।इसके अलावा महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है। चुनाव आयोग के अनुसार, तीसरे फेज में कुल 1352 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1229 पुरुष और 123 (9%) महिला हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, 244 कैंडिडेट्स आपराधिक छवि के हैं। 392 कैंडिडेट्स के पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति हैं।

244 (18%) उम्मीदवारों पर आपराधिक केस हैं। इनमें से 172 (13%) पर हत्या, अपहरण, बलात्कार जैसे गंभीर मामले भी शामिल हैं। 5 उम्मीदवारों पर हत्या और 24 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। 38 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से दो पर बलात्कार के मामले चल रहे हैं। वहीं, 17 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

**तीसरे चरण में 392 उम्मीदवार करोड़पति**

अऊफ्र के मुताबिक, तीसरे फेज के 1352 उम्मीदवारों में से 392 यानी 29% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास औसतन 5.66 करोड़ रुपए की संपत्ति है। वहीं, पांच उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। महाराष्ट्र की कोल्हापुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी इरफान अबूतालिब चांद की संपत्ति सबसे कम केवल 100 रुपए है।



# बेटी के प्यार चढ़े परवान पर पिता व दादा ने लगाया विराम, हमेशा के लिए मिटाया नामो निशान

**अखंड भारत संदेश**




**2 हत्यारों को 24 घंटे के अंदर लालापुर पुलिस ने गिरफ़्तार कर भेजा जेल**

**घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल 5 पत्थर के टुकड़े व 1 मोटरसाइकिल बरामद**

**लालापुर/प्रयागराज।** लालापुर थाना क्षेत्र मे उस वक़्त सनसनी फ़ैल गई ज़ब एक किशोरी का बुरी तरह सिर कूँचकर हुई हत्या का शव देखा गया..। रविवार को थाना क्षेत्र के ओढगी गांव से बघला पुरवा पहाड़ की ओर जाने वाले मार्ग पर एक किशोरी का शव देखा गया, जिससे पूरे क्षेत्र मे सनसनी फ़ैल गई, किशोरी के सिर व चेहरे पर बुरी तरह चोट के निशान थे..। लोगों ने जानकारी लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा को दी। आनन फ़ानन मे तत्काल लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे..। पुलिस ने किशोरी का शव कब्जे मे लेकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी..। कुछ ही समय के बाद मौके पर एसीपी बारा संतलाल सरोज व डॉग स्क्वायड की भी टीम मौके पर पहुँच गई..। थाना प्रभारी अजय मिश्रा के काफ़ी देर मशक्कत करने के बाद किशोरी की पहचान माया देवी (17) पुत्री मूलचंद्र सरोज निवासी ग्राम जवई थाना पिपरी जिला कौशाम्बी के रूप मे हुई..। जाँच के बाद ज्ञात हुआ कि माया की हत्या उसके पिता व दादा ने की है..।

**आखिर क्या थी हत्या की वजह, बेटी के लिए काल बना पिता..**

लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ़्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया..। बता दें कि रविवार को ही ज्ञानचंद सरोज उर्फ़ ननका पुत्र मुन्नालाल सरोज निवासी ग्राम जवई द्वारा लालापुर पुलिस को तहरीर दी गई कि वह मृतका माया देवी से प्रेम करता था और शादी भी करना चाहता था, माया भी शादी के लिए तैयार थी..। जिसका मृतका के परिजनों द्वारा विरोध किया गया साथ ही कहीं और शादी कराने के लिए दबाव देना शुरु कर दिया गया जिसके लिए माया बिल्कुल भी तैयार नहीं थी..। जिस कारण माया की उसके पिता मूलचंद्र सरोज व दादा हरिश्चन्द्र सरोज पुत्रगण राम प्रकाश सरोज निवासीगण जवई थाना पिपरी जिला कौशाम्बी ने सिर कूचकर हत्या कर दी..। 24 घंटे के अंदर लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा, एसएसआई रामबहादुर साहनी व कांस्टेबल संतोष मौर्या ने दोनों अपराधियों को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया..। घटना मे प्रयोग किये गए आलाकत्ल 5 पत्थर के टुकड़े व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई..।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला एक की मौत - दो घायल

**करछना।** सोमवार सुबह वाइक से ईंट भट्ठे पर काम करने निकले तीन युवक पचदेवरा फ्लाईओवर के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से एक की मौत एक गंभीर और एक को मामूली चोटे आई करछना थाना क्षेत्र के पचदेवरा फ्लाईओवर के पास के पास तीनों एक ही वाइक से अपने साथी सुबह अपने घर बेंदौ नैनुआ निवासी घर से निकले थे, सोमवार को सुबह घूरपुर थाना क्षेत्र के बोगी गांव में एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए घर से वाइक पर तीनों एक साथ निकलें थे जो हादसे का शिकार हो गए, घायलों का ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के लिए पुलिस ने भेज दिया।मृतक हरि राम आदिवासी पुत्र सिपाही लाल घायलों में राम चंद्र पटेल पुत्र बैजनाथ संतोष पटेल पुत्र बनवारी लाल निवासी नैनुआ बेंदौ थाना करछना के है जो रोज एक साथ ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए जाते थे।

# प्रयागराज मण्डल में चेकिंग अभियान के लिए एसपीजी स्क्वाड का किया गया गठन



**प्रयागराज।** रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुखद और आरामदायक यात्रा के साथ बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बाडोनी के निर्देशानुसार वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/कोचिंग, श्री हिमांशु शुक्ला के नेतृत्व में अवैध वेंडिंग, चेन पुलिग, बिना टिकिट यात्रा, अनियमित यात्रा, अनबुक्ड लगेज, दिव्यांग कोच, महिला कोच, आरएमएस और धूम्रपान के विरुद्ध अभियान के लिए वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल को मिलकर एसपीजी स्क्वाड (स्पेशल परपज ग्रुप स्क्वाड) का गठन किया गया । एसपीजी स्क्वाड में वाणिज्य विभाग के 04 सुपरवाइज़र/निरीक्षक और रेलवे सुरक्षा बल के 01 उप निरीक्षक 02 हेड कांस्टेबल व 01 कांस्टेबल मिलकर कार्य करेंगे। दिनांक 05.05.2024 को एसपीजी स्क्वाड द्वारा प्रयागराज झ फ़तेहपुर झ कानपुर के मध्य अभियान चलाकर गाड़ी संख्या 12311 हावड़ा-कालका नेताजी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 15483 अलीपुर द्वार-सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस, 12488 आनंद विहार टर्मिनल-जोगबानी सीमांचल सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 18101 टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस, 12312 कालका-हावड़ा नेताजी सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 12506 आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या नार्थ ईस्ट सुपरफास्ट एक्सप्रेस को चेक किया गया। इस चेकिंग अभियान में कुल 129 यात्रियों को प्रभारित कर 67,873/- रुपये वसूल किए गए। इनमें से 27 यात्रियों को बिना टिकट पकड़कर 16,915/- रुपये वसूल किए गए, 92 यात्रियों को अनियमित यात्रा में पकड़कर 40,570/- रुपये वसूल किए गए, 6 यात्रियों को गंदगी फैलाने के लिए पकड़कर 1700/- रुपये वसूल किए गए एवं बिना बुक किए गए समान वाले 4 यात्री को प्रभारित कर 8688/- रुपये वसूल किए गए । उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी सम्मानित रेल यात्रियों से अपील करता है कि असुविधा से बचने और सम्मान के साथ यात्रा करने के लिए उचित और वैध रेलवे टिकट के साथ यात्रा करें।

## जय श्री राम एवं अबकी बार 400 पार से गुंजायमान हुआ जंघई



**जंघई।** बृज कुंज उत्सव गृह जंघई में सोमवार को आयोजित प्रतापपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए भदोही लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद ने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ व ताकत है। बूथ अध्यक्ष के बल पर आज पार्टी का झंडा गांव-गांव व गली-गली में बुलंदी से लहरा रहा है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी ने केंद्र एवं प्रदेश की सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को उपस्थित लोगों को बताया। जिलाध्यक्ष गंगापार भाजपा कविता पटेल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी हैं जिसमें बूथ अध्यक्ष संगठन के संविधान का प्रमुख अंग हैं। उन्होंने कहा भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ अध्यक्ष अपनी संगठनात्मक क्षमता व कुशलता बल पर सरकार बनाने का कार्य करता है।इस अवसर पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय, जिला पंचायत सदस्य बृजकुमारी पांडेय, विधानसभा प्रभारी प्रतापपुर इंद्रकुमार सिंह, किरन त्रिवेदी, अभिमन्यु सिंह, श्याम बिहारी पांडेय, हरिभूषण सिंह, नवीन सिंह पटेल, ईश्वर चंद्र बिंद, रमेश पांडेय, दिलीप यादव, कैलाश चंद्र तिवारी, गिरिश तिवारी, डिंपी पांडेय, बच्चन मिश्रा, पिंटू मिश्रा, बबलू इलाहाबादी, शेषमणि पांडेय, पवन पांडेय चंचल, अखिलेश पांडेय, श्रीशचंद्र दुबे, धर्मेंद्र दुबे, मनोज आचार्य, पूनम सिंह पटेल, रमेश केसरवानी, जंघई मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय, बलीपुर मंडल अध्यक्ष कमलेश मौर्य, दसेर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, कुशलेष दुबे, संतोष बिंद सतत्या, आशुतोष त्रिपाठी, राजा मौर्य, मनोज दुबे, गौरव राजपूत, आशुतोष पांडेय, प्रदीप शर्मा, दीपक सिंह, सर्वजीत सिंह अन्नू, विकास यादव, मयंक मिश्रा, डिंपल शुक्ला, अजय शुक्ला, प्रद्युम्न शुक्ला, उदयवीर प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## गोमती में हजारों की चोरी, महीने भर में तीन बार टूट चुका ताला

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत इनायतपुर गांव निवासी शिव शंकर बिन्द सहसों बाईपास पर चाय पान की गुमटी रखकर अपना जीवन यापन करते हैं। रोज की तरह वह रविवार को सायंकाल गोमती में ताला बंद कर घर चले गए। रविवार की ही रात अज्ञात चोरों ने गोमती का ताला तोड़कर उसमें रखा हजार रुपए का सामान चोरी कर लिए। सोमवार को सुबह जब दुकानदार गोमती खोलने पहुंचे तो टूटा ताला देखकर हैरान रह गए। दुकानदार ने गोमती की जांच पड़ताल की तो उसमें से हजारों रुपए के समान गायब रहे। दुकानदार शिव शंकर बिन्द ने बताया कि इसके पूर्व में भी दो बार और ताला तोड़कर उसमें रखे हजारों रुपए के सामान चोरी हो चुका है।

# बहरिया में घर से उठाकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म



**प्रयागराज।** आधीरात को बाथरूम करने निकली महिला को कुछ लोग खेत में जबरन उठा ले जाकर मुंह में कपड़ा भरकर सामूहिक दुष्कर्म किया।विरोध करने पर उसका हाथ पैर बांधकर नग्न अवस्था में चरी के खेत में फेंक कर चले गए। हालत खराब होने पर परिजन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बहरिया थाना के एक गांव के 35 वर्षीय महिला का आरोप है कि बीते शनिवार आधीरात को बाथरूम करने घर से निकली थी कि उसके गांव के कुछ लोग उसे जबरन बाहर खेत में उठा ले गए।उसका कपड़ा उतारकर उसे नग्न कर दिया गया।विरोध करने पर उसके मुंह में कपड़ा भरकर पीटा गया। साड़ी से हाथ पैर बंधकर चार से पांच लोगो ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। जाते समय आरोपी चरी के खेत में उसे पेंक कर चले गए। सुबह जब गांव की महिलाएं खेत में शौच करने चरी के खेत में गई तो युवती को देखकर डर गई । शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। पुलिस को सूचना देकर परिजनो ने महिला को बहरिया सीएचसी में भर्ती कराया । पुलिस घटना को संदेह के रूप में देख रही है। बहरिया थानाध्यक्ष रण विजय सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालांकि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। महिला ने लिखित शिकायत में बताया है कि उसके साथ चार लोग बलात्कार करने की कोशिश किया है । उसके तहरीर पर एक नामजद सहित तीन अज्ञात पर छेड़खानी सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

**दो दिन पहले भी हुआ था महिला का रेप :** महिला का आरोप है कि दो मई को वह शौच करने खेत में गई थी गांव का एक युवक उसे धर दबोच लिया फिर मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दिया था किंतु पुलिस ने उस पर कोई करवाई नही की थी।

**साहब पति बीमार है , मदद के बहाने घूरते थे आरोपी :** महिला ने बताया की उसके पति की तबियत बहुत ज्यादा खराब चल रही है । गांव के ही तीन लोग जबरन उसका मदद करने उसके घर आते है और उस पर गंदी नियत से अश्लीलता करते है । उसके विरोध करने पर उसके साथ दुराचार किया गया । जिसको लेकर वह बहुत डरी और सहमी है।

**पुलिस पर तहरीर बदलवाने का आरोप :** महिला के परिजन का आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा लिखने से पहले तीन बार तहरीर बदलवाया और अपने हिसाब से तहरीर लिखवाकर केस दर्ज किया है।

## न्यूज झरोखा

### पार्षद ने सांसद प्रत्याशी के लिए किया जनसंपर्क



**नैनी।** नैनी चक्र रघुनाथ वार्ड नंबर 20 में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में पार्षद राकेश जयसवाल द्वारा झिलमिल कॉलोनी लवकुश पेंट वाली गली जमुना नगर इंडिया होटल की गली में। सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसंपर्क किया गया। इस दौरान पार्षद राकेश जायसवाल ने घर-घर जाकर लोगों से निवेदन किया कि आप लोग मतदान जरूर करें। जिसमें मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी बूथ अध्यक्ष जय किशन तिवारी बूथ अध्यक्ष धर्मराज पटेल युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत दुबे सेक्टर संयोजक अजीत त्रिपाठी वार्ड अध्यक्ष आकाश वर्मा भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद है।

### अमन मिश्रा बने स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर



**मांडा।** भारतगंज नगर पंचायत कार्यालय पर सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत बैठक आयोजित की गई।बैठक में नगर में स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को शतझप्रतिशत प्राप्त करने के लिए सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में मंडल कार्यक्रम अधिकारी अनमोल रतन सिंह के द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए अमन मिश्रा को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी हर्ष जय सिंह,चेयरमैन प्रतिनिधि आमिर टंकी,ईओ बंटी कुमारी ने अमन मिश्रा को बधाई दिया।

### चकिया घरहरा में रामलीला मंच हेतु हुआ नीव पूजन



**सहसों।** विकास खण्ड बहादुरपुर के चकिया घरहरा गांव में लगभग चार दशक से होती चली आ रही ऐतिहासिक राम लीला के लिए मंचन हेतु स्थाई मंच का नींव पूजन सोमवार को प्रधान संघ के मंडल उपाध्यक्ष एवं कमेटी के पूर्व अध्यक्ष क्रांतिगुरु गणेश वल्लभ एवं ग्राम प्रधान पति सूरज मिश्रा द्वारा किया गया। रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नें बताया कि अभी तक कमेटी द्वारा चालीस वर्षो से ग्रामवासियों के निजी भूमि में रामलीला खेली जा रही थी परंतु आज मंच के लिए नीव पूजन का यह अवसर हमारे लिए अयोध्या के राम मंदिर बनने जैसा है। कमेटी के महामंत्री धनंजय शाश्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्थाई मंच पर खेली जा रही रामलीला अब अपने स्थाई मंच से सुंदर पात्र कलाकारों द्वारा लीला का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर कमेटी के प्रबंधक रामकृष्ण पांडेय, अध्यक्ष राजकुमार पांडेय, व्यास शंभू नाथ मिश्र, मंत्री अखिलेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा, लीला संचालक आशुतोष शुक्ला, आय व्यय निरीक्षक आलोक गुप्ता, पूर्व मेला प्रभारी बृजेंद्र पटेल, पूर्व बीडीसी अनिल पटेल, पूर्व महामंत्री टोनू पाण्डेय सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जागरूकता अभियान के तहत चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**प्रयागराज।** केंद्र रिज़र्व पुलिस बल 93 बटालियन प्रयागराज एवं प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया मुडेरान मंडी प्रयागराज के गेट नंबर 2 पर जिसमे केन्द्र रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट अनिल शुक्ला एवं असिस्टेंट कमांडेंट अजय कुमार के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूवात किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिम रोज़ शिक्षा संस्थान के प्रबंधक फरहान आलम ने किया साथ ही सीआरपीएफ एवं स्थानिय लोगो ने तख्तियां लेके नारे भी लगाए, जिसमे वोट हमारा है अधिकार करे नही इसको बेकार जैसे स्लोगन लिखे हुए थे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवम दुआ,ज़ाकिर अली खान,प्रतीक तिवारी, हिमांशु,मनोज एवं समस्त सीआरपीएफ की टीम मौजूद रही।

### पति-पत्नी बच्चों समेत कार की टक्कर से घायल



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज सराय इनायत थाना क्षेत्र के रामनाथ प्रजापति निवासी दलापुर प्रार्थी का पुत्र कौशल किशोर पुत्र रामनाथ प्रजापति जो रविवार को 12:00 बजे दिन अपने पत्नी और बच्चे को साथ लेकर बड़े हनुमान बंधवा मंदिर दारागंज दर्शन करके अपने मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे तभी परेड ग्राउंड में तेज रफ्तार सामने से आ रही सफेद स्विफ्ट डिजायर गाड़ी नंबर एमपी 17 सीबी 2187 टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी बच्चे समेत गंभीर रूप से घायल हो गए। कार की टक्कर लगने से पति-पत्नी का पैर फैक्चर हो गया। बच्चे को बेहोशी हालत में लोगों ने एंबुलेंस से इलाज के लिए एक निजी हॉस्पिटल झूंसी में भर्ती करा दिया गया। जिसका इलाज चल रहा है। मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने 112 डायल कर सूचना दी घटना पर दारागंज पुलिस पहुंचकर गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर उचित कार्यवाही करने की बात कही।

# इण्टर के 27 व हाई स्कूल के 109 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित ,पूर्व आईएस तपेन्द्र प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के अभिराजी विहार पब्लिक स्कूल मांडा के प्रबंधक तपेन्द्र प्रसाद कुशवाहा पूर्व आईएएस ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को जनपद में विद्यालय परिवार व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। रविवार को अभिराजी विहार पब्लिक स्कूल मांडा के छात्रों ने जनपद में नाम रोशन करने में विद्यालय परिवार व अभिभावकों का सहयोग रहा । ऐसे सराहनीय कृत्यों पर बधाई देते हुए कहा कि इससे भी बेहतर शिक्षा के लिए स्वास्थ्य शरीर में मानसिक विकास सम्भव है। इसलिए पौष्टिक आहार जरूरी तथा वातावरण सही दिशा में होना चाहिए। सम्मान समारोह में सम्मानित प्रतिभाशाली छात्रों में इण्टर मीडिएट के प्रियांशु गुप्ता, मोनू यादव, आशीष कुमार, गुंजन, किरन कुमारी, अनुप्रिया पटेल, दीपांशी केशरी, श्रद्धा मौर्या, नेहा, श्वेता, शिवम् यादव, खुशी , अनूप कुमार, पवन, मंजरी, अंकित कुमार सोनकर, लक्ष्मी मिश्रा, महिमा, प्रतिमा, बवली , मो कैफ, बबिता, युवराज, अंजली मौर्या तथा हाई स्कूल से कपिल मौर्य, हर्ष केशरी, आंशी मौर्या, मांसी सिंह, आशीष, करन, पूजा पाल, आयुष कुमार, राज कुमार, आकांक्षा, श्वेता, रिया, अमन, अर्थव, रिया फातिमा आदि छात्र छात्राओं को मेडल,एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।तथा सम्मान समारोह में उपस्थित अभिभावकों का माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार ने स्वागत किया।कार्यक्रम में मौजूद रहे सोसायटी के अध्यक्ष केशव प्रसाद , सुव्रत,अरुण कुमार सिंह अधिवक्ता, के अलावा विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिका मौजूद रहे। वहीं कालेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने मेधावी छात्रों उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## आम तोड़ने गए मां-बेटे को धारदार हथियार से किया लहुलुहान

**मऊआइमा।** आम तोडने गए मां और बेटे को विपक्षी धारदार हथियार से मार कर लहुलुहान कर दिए। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जाम्हा निवासी मोहम्मद मंसूर पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद यासीन का आरोप है कि वह अपनी माता सादिका बेगम के साथ बाग में आम तोडने गए थे। आरोप है कि विपक्षी एकजुट होकर होकर उसे और उसकी माता को धारदार हथियार से मार कर लहुलुहान कर दिए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। ज़ख्मी मंसूर ने मऊआइमा थाने में शाहिना बानों,राहिला बानों,बुशरा बेगम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## परिजनों के साथ घर जा रही महिला भीषण गर्मी से हुई बेहोश

**मऊआइमा।** भीषण गर्मी से लोग जहां परेशान हैं वहीं राहगिरों का राह चलना मुश्किल हो गया है। परिजनों के साथ घर जा रही महिला गर्मी के कारण बेहोश हो गई। उपचार के बाद शाम को घर गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के डाकखाना के सामने अपने परिजनों के साथ ई रिक्शा से घर आ रही गीता देवी 35 वर्ष पत्नी रमेश कुमार अचानक चकरा कर गिर पडी और बेहोश हो गई।जिसे परिजनों ने प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां तमाम उपचार के बाद शाम को होश आयी। डाक्टरों ने बताया कि यह हीट स्ट्रोक है।जिसके कारण महिला बेहोश हो गई। सोमवार को भीषण उमस भरी गर्मी से लोग घरों में कैद रहे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

## तीन युवकों में मार पीट एक जख्मी दो पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पूर्व से चले आ रहे वर्चस्व की लड़ाई में दो युवकों ने एक युवक को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ,मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी एजाज अली पुत्र मुख्तार अली का आरोप है कि उसके पुत्र असहल को दो युवक अनायास मारते पीटते हैं। आरोप है कि असहल जोगापुर मंडी के पास खडा था जहां दोनों युवकों ने मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। पुलिस ने मोहम्मद माज ग्राम मऊदोस्तपुर,तलहा सुल्तानपुर खास के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# निर्मल मन से की गई प्रभु भक्ति से मिलता है मुक्ति का मार्ग : श्याम सुंदर जी महाराज



**सहसों।** क्षेत्र के सुपराबारी गांव स्थित बद्रीनाथ शुक्ला के संयोजन में संगीतमय चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथ ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथा व्यास श्याम सुंदर जी महाराज द्वारा कथा प्रसंग में सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, प्रभु नाम संकीर्तन महिमा जैसे सुंदर प्रसंग का सजीव वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्त श्रोता नर नारी मंत्र मुग्ध हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि भगवान की कृपा उनकी भक्ति संतो के साथ सत्संग, प्रेम और अनुराग से ही प्राप्त होता है। उन्होंने कहा भगवत कथा हमें जीवन की मुक्ति के लिए भक्ति, प्रेम, श्रद्धा एवं संस्कार सिखाती है। भगवान नारायण तो केवल प्रेम के भूंखे हैं प्रभु के प्रति सच्ची भक्ति, मित्रता एवं प्रेम करना है तो सुदामा जैसा भक्त बनना पड़ेगा। इस सांसारिक मोह माया का प्रतित्याग कर जो भी मनुष्य लगन और श्रद्धा के साथ निष्कपट भाव से मन की निर्मलता के साथ प्रभु के स्मरण से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। ।कथा के उपरांत मुख्य यजमान बद्रीनाथ शुक्ला व श्रीमती सेल कुमारी शुक्ला एवं अन्य श्रोताओं ने व्यास पीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। कथा पंडाल में प्रमुख रूप से राजेंद्र कुमार शुक्ला शास्त्री जी, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, वेद मणि तिवारी, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, चिंतामणि शुक्ला, शोभा लाल तिवारी, राजू तिवारी, बाल गोविंद तिवारी एवं प्रसिद्ध नारायण सहित भारी संख्या में श्रोता भक्त उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

# कुशलपुर के ऊंचडीह गांव में आयोजित सात दिवसीय कथा का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**





**मेजा।** क्षेत्र के कुशलपुर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन सोमवार को हो गया। इस दौरान सप्तम दिवस पर भागवताचार्य श्री जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री वल्लभाचार्य महाराज ने सुदामा चरित्र, सुकदेव विदाई आदि प्रसंगो का वर्णन किया ।कथा में मुख्य यजमान बह्मदीन त्रिपाठी है।महाराज जी ने कहा सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे । गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती थी कि आपके मित्र तो द्वारिका धीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया।कथा के अंत में प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ।इस अवसर पर हरीकृष्ण त्रिपाठी,श्रीकृष्ण त्रिपाठी,संजय त्रिपाठी व भारी संख्या में भक्तों की भीड़ रही।आयोजक रामकृष्ण त्रिपाठी ने कथा में पुण्य के भागी बनने के लिए लोगों से आने के लिए निवेदन किया।

# आईएएस अफसर बनना चाहती हैं अपराजिता व अरशिया

## प्रयागराज में 99% अंक हासिल करने वाली छात्राओं ने नहीं पढ़ी कोचिंग



अपराजिता सिंह।



अरशिया शरीफ।



अंशिका ठुकराल को 12वी में 97.75% अंक हासिल हुआ है।



GHS स्कूल की प्रिंसिपल ने कृति को बधाई दी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ICSE (10वीं) व ISC (12वीं) एग्जाम के रिजल्ट आज सोमवार को आए तो इसमें छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। 10वीं में (गर्ल्स हाईस्कूल) की अपराजिता सिंह ने 99% अंक हासिल किया तो इसी स्कूल की 12वीं की छात्रा अरशिया शरीफ ने भी 99% अंक पाकर अपना परचम लहराया है। वह कभी कोचिंग में जाकर पढ़ाई नहीं की क्योंकि उन्हें स्कूल टीचर्स व उनकी पढ़ाई पर पूरा भरोसा था। वह स्कूल में जो भी पढ़ाई करती थीं वह घर जाकर विधिवत उसे दोहराती थी। दोनों छात्राओं का सपना है कि वह आईएएस अफसर बनें और देश के लिए बेहतर करें।

**10 घंटे से ज्यादा पढ़ाई करती थी अपराजिता :**

10वीं की अपराजिता एग्जाम देने के बाद ही इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोटा चली गई। आज जब रिजल्ट आया तो उसने 99% अंक हासिल किया। मोबाइल के जरिए बातचीत के दौरान उसने बताया कि वह आठ से 10 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। मोबाइल तभी इस्तेमाल करती थी जब पढ़ाई से संबंधित किसी टॉपिक पर जानकारी जरूरी होती थी। मुझे कभी कोचिंग पढ़ने की जरूरत नहीं महसूस हुई। मैं आईएएस अफसर बनना चाहती हूं। मेरे मम्मी और पापा का बहुत सपोर्ट मिलता है। अपराजिता की मां डॉ. शालिनी सिंह जगत तारन डिग्री कॉलेज में समाज शास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। वह कहती हैं ह्लअपराजिता को साहित्य और उपन्यास पढ़ना पसंद है। मैंने उससे पूछा कि उसे कोचिंग की जरूरत लगे तो वह कोचिंग कर सकती है लेकिन उसने मना कर दिया। आज मैं बहुत खुश हूं। अपराजिता के पिता ठेकेदार हैं।

**सोशल मीडिया से दूरी बनाकर सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दिया :** 12वीं में 99% अंक पाने वाली अरशिया घंटाघर के पास रहती है। पिता शरीफ अहमद जनरल स्टोर चलाते हैं और जबकि मां बिजनेस ही करती हैं। अरशिया बताती हैं कि ह्लवह अपना कीमती समय मोबाइल और सोशल मीडिया में नहीं खराब चाहती है। वह घर पर पांच से सात घंटे पढ़ाई करती है। कोचिंग पर भरोसा नहीं रहा यही कारण है कि स्कूल टीचर्स ने जो भी मार्गदर्शन किया उसी दिशा में आगे बढ़ी। मेरा उद्देश्य है आईएएस अफसर बनना है और इसके लिए जितनी भी मेहनत करनी होगी वह मैं करूंगी।

**साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है कृति :**

जीएचएस में 10वीं की छात्रा कृति वार्ष्णेय ने 97.6% अंक हासिल किया। कृति ने बताया कि ह्लहमनें कभी पढ़ाई करते समय घड़ी नहीं देखी कि कितने घंटे पढ़ाई की है। कृति कहती हैं कि वह कोचिंग नहीं करती थी क्योंकि उसे खुद पर और टीचर्स पर भरोसा था। वह आगे चलकर साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है। इसके लिए वह पूरी मेहनत करेंगी।ह्लबता दें कि कृति के पिता आशुतोष वार्ष्णेय ज्योतिषाचार्य हैं। यह ग्रह-नक्षण ज्योतिष शोध संस्थान का भी संचालन करते हैं। इनकी मां इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।

**जज बनना चाहती हैं अंशिका ठुकराल :**

अंशिका ठुकराल गर्ल्स हाईस्कूल की 12वीं की छात्रा है। इसने 97.75% अंक हासिल किया। अंशिका कहती हैं कि स्कूल की प्रिंसिपल और मां ने हमेशा सपोर्ट किया। मम्मी हमेशा कहती रहीं कि आगे बढ़ना है। पिता बिजनेस करते हैं तो मां घर का मैनेजमेंट संभालती हैं। वह आगे चलकर लॉ की पढ़ाई करेगी और इसके आगे जज बनने का सपना है। तीन भाई-बहनों में वह सबसे बड़ी है। अंशिका सुलेमसराय की रहने वाली है।

## पूर्व प्रधान शेरडीह पर गाड़ी हड़पने का मुकदमा

**झूंसी।** पूर्व प्रधान शेरडीह चंद्रभान यादव उर्फ बाबा पर पुलिस ने सफारी गाड़ी हड़पने का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया बाद में पूर्व प्रधान को पुलिस ने मुचलके पर छोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि पूर्व प्रधान सजा याफ्ता है जिसपर हत्या, हत्या के प्रयास सहित कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। जौनपुर मछलीशहर निवासी विजय प्रताप यादव ने रविवार को पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि शेरडीह निवासी चंद्रभान यादव उर्फ बाबा को उसने सफारी गाड़ी बेची थी। 50 हजार मिला बाकी के 10 लाख नही दे रहा है मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी के घर से गाड़ी बरामद कर चंद्रभान यादव को पकड़ कर थाने लाई। पूर्व प्रधान चंद्रभान यादव व उसके दो बेटों को गांव के ही पूर्व प्रधान की हत्या में सजा हो गई थी। सजा काटने के बाद वह व उसका एक बेटा बाहर है। दो बेटे अभी जेल में ही है। सभी पर संगीन धाराओं में दर्जनों मुकदमे दर्ज है। साल भर पहले पुलिस ने चंद्रभान यादव के शहर व गांव स्थित मकान को सील कर दो लक्जरी गाड़िया भी जप्त की थी।

# माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे हुए पास

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे अहजम अहमद और अबान अहमद ने इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा पास कर ली है। सोमवार को घोषित किए गए सीआईएससीई के रिजल्ट में दोनों को 70 फीसदी से ऊपर अंक मिले हैं। अतीक के दोनों बेटे सेंट जोसेफ कॉलेज में पढ़ते हैं। पिछले साल पिता की हत्या के चलते दोनों परीक्षा नहीं दे सके थे। इस साल दोनों ने ऑफलाइन तरीके से परीक्षा देकर सफलता हासिल की।अहजम अहमद इंटर और अबान अहमद हाईस्कूल में था। दोनों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि दोनों कभी स्कूल तो नहीं आए लेकिन हर प्रोजेक्ट को समय पर सम्मिट करते थे। दोनों ने मेहनत करते हुए परीक्षा पास की है। प्रिंसिपल के अनुसार दोनों स्कूल तो नहीं आ पाए लेकिन परीक्षा देने के लिए आए थे। इन दोनों ने परीक्षा भी आफ लाइन मोड में स्कूल पहुंचकर दी थी।

**एक दिन भी स्कूल नहीं गए अतीक के बेटे :** सोमवार को घोषित हुए अईसीएससई के नतीजे में माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे अहजम अहमद और अबान अहमद इंटर और हाईस्कूल में सत्तर फीसदी अंकों के सात सफल हुए हैं। दोनों कभी स्कूल नहीं गए। एक साल गैप भी हो गया था। पिछली बार पिता, चाचा और भाई की मौत के चलते यह दोनों परीक्षा नहीं दे सके थे और लापता चल रहे थे। इस बार दोनों परीक्षा में बैठे, लेकिन एक दिन भी स्कूल में क्लास अटेंड नहीं किया। प्रिंसिपल के अनुसार दोनों ने क्लास भले ही अटेंड नहीं किया लेकिन प्रोजेक्ट आदी समय पर जमा करते रहे। दोनों ने स्कूल सिर्फ परीक्षा देने के लिए आए थे।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई , बांटी मिठाइयां

**मांडा।** चुनावी हवाओं के बीच सत्ता वापसी को लेकर समाज वादी पार्टी में फेर बदल का सिलसिला लगातार जारी है। निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक पदाधिकारियों को इधर से उधर किया जा रहा हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को नरेश उत्तम पटेल को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा कर श्याम लाल पाल को कमान सौंप दिया । उधर श्री पाल के शुभ चिंतकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वही उक्त मनोनयन को लेकर मांडा के ढीलिया के रहने वाले समाजवादी पार्टी के जमीनी व वरिष्ठ नेता (प्रदेश सचिव) राजेश सिंह यादव ने क्षेत्र में मिठाइयां बांट कर खुशी जाहिर करते हुए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को फोन पर बधाई दिया है। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रमिल यादव, अवधेश यादव, विमल यादव, प्रधान संजय यादव, इंजी विकास मौर्य सहित तमाम सपाइयों ने खुशी जाहिर किया है।

# पत्नी कुएं में कूदी, बचाने आए पति की भी मौत

## आधी रात दोनों में हुई लड़ाई; घर से दौड़कर सीधे पत्नी ने लगा दी छलांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रविवार रात कुएं में गिरकर पति और पत्नी दोनों की मौत हो गई। दरअसल, दोनों में किसी बात पर लड़ाई हो गई। पत्नी दौड़कर कुएं के पास गई। वहां से छलांग लगा दी। पीछे से पति आया और बचाने के लिए वो भी कूद गया। आवाज सुनकर ग्रामीण आए। लेकिन, तब तक दोनों की डूबकर मौत हो गई।

ये मामला गंगापार के हंडिया इलाके का है। दुलापुर गांव का रहने वाला लवकुश विश्वकर्मा (34) गांव में रहकर बढ़ई का काम करता था। उसकी शादी भदोही में सुरियावां के कंजिया की रहने वाली पिंकी (32) से हुई थी। उनकी 7 बेटियां हैं।



### सात मासूम बेटियां, सभी बिलख रहीं

लवकुश के सात बेटियां हैं। सबसे छोटी बेटी तीन माह और बड़ी बेटी 11 साल की है। सातों बेटियों के सिर से एक झटके में माता-पिता का साया उठ गया। उसकी बूढ़ी मां सोना देवी का रो रोकर बुरा हाल है। लवकुश दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई राजा मुंबई में फर्नीचर बनाने का कार्य करता है।

### आधी रात दोनों में हुई लड़ाई

लवकुश और उसकी पत्नी पिंकी में झगड़ा होता रहा था। नौबत मारपीट तक पहुंच गई। परिवार के लोगों ने बताया कि दोनों भोर तक झगड़ा करते रहे। कहासुनी बढ़ी, तो पिंकी आत्महत्या करने के लिए घर के पास बने कुएं की तरफ दौड़ी।लवकुश उसे बचाने के लिए पीछे पीछे दौड़ा। कुएं की जगत पर चढ़कर पिंकी ने छलांग लगा दी। बदहवास लवकुश उसे बचाने के लिए कुएं में कूद पड़ा। कुएं में गिरने से दोनों की मौत हो गई। घटना से गांव में हंगामा मच गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। शवों को कुएं से निकलवाया गया।

# अस्पताल, शौचालय, शवदाहगृह के प्रति शासन की उदासीनता पर रोष

## मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलायें जाने का निर्णय

**अखंड भारत संदेश**




**नैनी।** नैनी क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओ समस्यायों एवं मतदाता जागरूकता अभियान के सम्बन्ध मे यमुनापार विकास संघर्ष समिति एवं गंगा महासभा प्रयागराज की बैठक रविवार को अवंतिका कालोनी नैनी मे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भगवती प्रसाद पाण्डेय एवं संचालन सुधाकर दुबे ने किया। उक्त जानकारी देते हुए समिति के महासचिव गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्षो से हो रही मांग के बावजूद नैनी गंगातट पर शवदाहगृह बनने, अस्पताल की मांग को शासन प्रशासन द्वारा अनसुना करने, सड़कों के निर्माण में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर ध्यान न देने, अवंतिका कालोनी से होते हुए मेला मार्ग पर शौचालय निर्माण न करने पर्यावरण संरक्षण का उपहास करने आदि समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक मे भावी कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया। संसदीय चुनाव में मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करने के साथ ही भावी सांसद हेतु चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों से सवाल जबाव करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के साथ भावी प्रतिनिधि बनने के लिए लालायित प्रत्याशियों को पूर्व के सेवाभाव एवं जन सुलभता को ध्यान में रख कर वोट देने की अपील की गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री संगठन गजेन्द्र प्रताप सिंह, संघर्ष समिति के हरजीत मारवा, नयन कुशवाहा, टी एन मिश्र, शिव शंकर पांडेय, सुनील श्रीवास्तव, मीना जायसवाल, विन्दु राठौड़, अन्जुम नाज, दिनेश विश्वकर्मा, विरेन्द्र शर्मा, मो निजाम, पास्टर विनोद जैकब, अनिल मिश्र,ने विचार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, नीलेश्वर प्रसाद मिश्र, शौमिक सरकार, जितेन्द्र सिंह, प्रवीण तिवारी, आशुतोष मिश्र, अनिल शुक्ल, विजय राठौड़, राजीव कुमार, राधिका प्रजापति, दिवाकर पाण्डेय जगदीश श्रीवास्तव आदि समाजसेवी उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया जागरूक



**प्रयागराज।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत विकासखंड कौड़िहार के उच्च प्राथमिक विद्यालय मधेशा में स्काउट गाइड एवं मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़े अध्यापकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिसमें जिले से आए जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े अध्यापकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को जागरुक भी किया। इस कार्यक्रम में जनपदीय स्काउट गाइड टीम बेसिक शिक्षा की ओर से प्रेम नारायण, प्रवीण सिंह , गायत्री यादव , कमल कुमारी, उमेश चंद द्विवेदी, अलका सेठ राशि शर्मा, श्रद्धा श्रीवास्तव, पुष्पांजलि, मधुरिमा, अमिता, विनीत राय, प्रभात श्रीवास्तव सहित विद्यालय का स्टाफ प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार निषाद, कमल पाल सुमन देवी सुषमा यादव, ललित वर्मा, रामनयन सिंह, वंदना द्विवेदी सहित समस्त अध्यापक मौजूद रहे। रैली को एआरपी प्रभाशंकर शर्मा एवं प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी, जिला आई टी कोऑर्डिनेटर अनुरागिनी सिंह व जिला स्काउट मास्टर फ़िरोज़ आलम खान ने सभी शिक्षकों से अपील करी है की आगामी 25 जनवरी को जिले मे होने वाले चुनाव मे अधिक से अधिक मतदान हेतु अपने सेवित क्षेत्र मे प्रचार प्रसार करते रहे तथा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी जागरूकता कलेंडर के अनुसार विद्यालयों मे कार्यक्रम आयोजित करें।



## हाईकोर्ट समाचार

### आजम खान मामले में राज्य सरकार ने रखा पक्ष

**मंगलवार को जारी रहेगी सुनवाई, एचसी में क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर हुई बहस**

**प्रयागराज।** सपा नेता आजम खान, बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीम फातिमा की अपील पर 6 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। आजम खान के बेटे मो. अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में सोमवार को राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखा।अब तक कार्रवाई को लेकर राज्य सरकार के वकीलों ने कोर्ट में सरकार के पक्ष में दलीलें पेश कीं। दोपहर बाद सुनवाई के बाद कोर्ट ने मंगलवार को भी इस मामले में सुनवाई का आदेश जारी कर दिया। अब कोर्ट 7 मई को दोपहर 2.30 बजे से फिर इस मामले पर सुनवाई करेगी।जेल में बंद आजम खान और उनके परिवार की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की हुई है।

### इससे पहले 23 अप्रैल को हुई सुनवाई में क्या हुआ था बताते हैं...

इलाहाबाद हाईकोर्ट में 23 अप्रैल को भी मामले की सुनवाई चली थी। तब राज्य सरकार और शिकायतकर्ता के वकील की तरफ से हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा गया था। जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच में दोनों पक्षों ने दलीलें पेश की थीं। कोर्ट ने दोनों का पक्ष सुनने के बाद तारीख लगा दी थी।

### आजम परिवार का क्या है पूरा मामला

रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ 2 जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने क्ढउ की धारा 193, 420, 467, 468, 471 के तहत ऋकफ दर्ज की थी। इस केस में आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया था। रामपुर एमपी/एमएलए कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम के 2 जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में तीनों को सात-सात साल की सजा सुनाई थी।तीनों ने रामपुर सेशन कोर्ट के यहां से जमानत याचिका खारिज होने वाले फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत देने और सजा को रद्द करने के लिए क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है।

### ट्रायल पर रोक लगाने वाली याचिका हुई थी खारिज

पिछले साल रामपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे ट्रायल पर रोक लगाने वाली आजम खान की याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम ने 2017 यूपी विधानसभा चुनाव में रामपुर जिले की स्वार सीट से जीत हासिल की थी। अब्दुल्ला ने इस चुनाव में इरढ उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान को हराया था।चुनाव नतीजों के बाद बसपा उम्मीदवार नवाब काजिम ने अब्दुल्ला के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर उनकी सदस्यता रद करने की मांग की थी।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए अब्दुल्ला की सदस्यता को रद करने का आदेश दिया था। अब्दुल्ला ने हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी थी। हालांकि उसे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली थी।तीनों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल की है। मामले में शिकायतकर्ता आकाश सक्सेना के अधिवक्ता शरद शर्मा अपना पक्ष रख रहे हैं।




# मतदाता जागरूकता अभियान में दिलाई शपथ

**झूंसी।** मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था एवं स्वीप प्रयागराज ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। सोमवार को झूँसी स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में छात्र- छात्राओं एवं स्कूली शिक्षकों के बीच मतदाता जागरूकता को लेकर संगोष्ठी और उसके बाद शपथ ग्रहण का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला निर्वाचन टीम से पीएन सिंह सहायक नोडल अधिकारी स्वीप व एलबी मौर्या सह जिला विद्यालय निरीक्षक, स्वीप नगर प्रभारी अनुपम परिहार ने कहा कि प्रयागराज में आमतौर पर मतदान का प्रतिशत संतोषजनक नहीं देखा जाता जो चिंतनीय विषय है। इसके लिए लगातार सामाजिक संस्था मदद फाउंडेशन के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मदद फाउंडेशन के संस्थापक मंगला तिवारी ने कहा कि उनकी संस्था का प्रयास है की लोकतंत्र के इस त्योहार में लोगों की पूरी भागीदारी हो और प्रयागराज की कम मतदान की छवि टूटे।आने वाले दिनों में जागरूकता कार्यक्रम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर मदद फाउंडेशन की टीम से संस्थापक एवं अध्यक्ष मंगल प्रसाद तिवारी, प्रभारी बुंदेलखंड एवं जिला अध्यक्ष चित्रकूट विवेक मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष कुश्लेष दुबे, जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज अजय सिंह, संतोष शुक्ल, यश शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय मूछ नर्तक दुकान जी, स्वीप टीम से डॉ. राकेश पांडेय, इरशाद अहमद, अरविंद गौतम व मुकेश सिंह सहित सेंट्रल एकेडमी स्कूल के डॉयरेक्टर एसके तिवारी, प्रिंसिपल आदि रहे।

# भाजपा सरकार में सबका हुआ विकास : कविता त्रिपाठी





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला के नेतृत्व में कई गांव का भ्रमण करके जनसंपर्क किया गया इस अवसर पर प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा कविता त्रिपाठी पत्नी सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी जनसंपर्क के दौरान कहा भाजपा की सरकार में ही विकास संभव है प्रधानमंत्री का धन्यवाद है की धारा 270 राम मंदिर का निर्माण भद्र रूप से अयोध्या में हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही कार्यों से विश्व में भारत का सर ऊंचा हुआ है इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील शुक्ला अशोक शुक्ला सामग्र मुकेश शुक्ला वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी उपाध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता राज सिंह दिलीप मिश्रा आदि कार्यकर्ताओं ने कई गांव का दौरा करके सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में मत देने की अपील की।

# इंटर में आलोक बरनवाल व हाईस्कूल में मो0 तालिश बने टॉपर



प्रसन्न मुद्रा में इंटर व हाईस्कूल के मेधावीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर का परीक्षाफल आज घोषित हुआ। परीक्षाफल देख मेधावियों के चेहरे खिल गये। प्रभात एकेडमी के प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा ने हाईस्कूल व इंटर के सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की है।

**आईसीएसई बोर्ड का परीक्षाफल देखकर मेधावियों के खिले चेहरे**

प्रभात एकेडमी में इंटर में आलोक बरनवाल 88 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहे। अन्य मेधावियों में शुभम तिवारी 86.4 प्रतिशत, वर्षा मिश्रा 86.4 प्रतिशत, नशरा बानो 86 प्रतिशत, आयुष शर्मा 85 प्रतिशत, सौम्या मौर्या 85 प्रतिशत, शानवी शर्मा 85 प्रतिशत, अनन्या सिंह 84 प्रतिशत, श्रेयांश मिश्रा 84 प्रतिशत, भोलानाथ शुक्ला ने 83 प्रतिशत अंक पाकर जिले में अपना स्थान बनाया। वहीं प्रभात एकेडमी के हाईस्कूल में मो0 तालिश 95 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा चितान्या गुप्ता 92 प्रतिशत, करुणाकर मिश्रा 89 प्रतिशत, अंशिका सिंह 88 प्रतिशत, कत्यानी त्रिपाठी 87 प्रतिशत, अपूर्वा त्रिपाठी 86 प्रतिशत, पोलोमी तिवारी 83 प्रतिशत, शिखर सिंह 83 प्रतिशत, रुद्र प्रताप सिंह 83 प्रतिशत, पवन कुमार श्रीवास्तव 82 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल में प्रतीक रंजन रहे अव्वल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नेशनल पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल के शत-प्रतिशत छात्र एवं छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जिसमें प्रथम स्थान प्रतीक रंजन 93 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सूर्यांश प्रताप सिंह 92 प्रतिशत, तृतीय स्थान खुशी मौर्य 91 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान सक्षम कौशल 90 प्रतिशत, पंचम स्थान अनुराग 89.4 प्रतिशत तथा छठे स्थान रौनक 87.8 प्रतिशत प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक राम मिलन शुक्ल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा स्कूल की प्राचार्या शर्मिला शुक्ला ने बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल शिक्षकगण वैभव पांडेय, अमित पाण्डेय, आशीष शुक्ला, अमित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# कार व डम्फर की टक्कर में तीन नवयुवकों की मौत

## अयोध्या से दर्शन कर प्रयागराज लौट रहे थे युवक



मृतक अंकित (फाइल फोटो)



मृतक शिवम तिवारी (फाइल फोटो)



मृतक सत्यम साहू (फाइल फोटो)

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अयोध्या में भगवान राम के दिव्य मंदिर का दर्शन कर प्रयागराज लौट रहे एक कार की डम्फर से आज सुबह पांच बजे चिलबिला के समीप सोनावां में जोरदार टक्कर हुई जिससे कार में आग लग गई। इस दौरान कार में बैठे तीन युवकों की मौत हो गई।

दो युवकों की घटना स्थल पर तथा तीसरे युवक की प्रयागराज के एक अस्पताल में मौत हुई है। इस भीषण दुर्घटना में सभी मृतक प्रयागराज के बताए जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। उसने मृतक युवकों का पंचनामा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों में अंकित, शिवम तिवारी व सत्यम साहू शामिल हैं। अंकित व शिवम तिवारी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि सत्यम साहू की मौत प्रयागराज में हुई है। इन मौतों से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। कुछ परिजन प्रतापगढ़ भी आए थे लेकिन मीडिया से वह दूर रहे। इस दर्दनाक दुर्घटना की चर्चा दिन भर आज शहर में होती रही।

# जले घर को देख दहाड़ मारकर रो पड़े काजल, प्रिया और विकास

## मददगार बन बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप पहुंचा रहा राहत सामाग्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खजुरनी गांव में बोधी पांडेय का पुरवा में अग्निकांड की भेंट चढ़े पीड़ितों का आंसू पोछने के लिए अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंच सका है। अस्पताल से डिस्चार्ज होकर गांव पहुंचे विकास, प्रिया और काजल जले घर और खाक हुई चीजों को देखकर फफक कर रो पड़े। गांव की महिलाएं जली हुई राख से कुछ बिनने की कोशिश कर रही थी।

कुछ दिन पहले गांव में आग की चपेट में आने से गांव के अनिल और कमलेश के घरनुमा झोपड़े और पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। अग्निकांड में कमलेश का बेटा विकास, पुत्री काजल और अनिल की पत्नी प्रिया बक्से में फंसने की वजह से जल गए। तीनों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में काजल को प्रयागराज मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार की शाम को तीनों की अस्पताल से छुट्टी हुई। घर की हालत देखकर उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। घटना के बाद से बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी इनकी मदद को आगे आया है। ग्रुप के सहयोगी अपने अपने स्तर से राहत सामाग्री और आर्थिक सहयोग पहुंचा रहे हैं। विकास के जोगापुर कंपोजिट स्कूल के स्टाफ ने भी आर्थिक सहयोग किया है। ग्रुप के सहयोगी शनि ने बताया कि सभी लोग अस्पताल से लेकर घर तक विकास और उसके परिजनों की हर तरह से मदद कर रहे हैं। ग्रुप के छात्रों ने विकास का घर बनाने के लिए सामाग्री जुटाई।

**अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर लौटे पीड़ितों का कौन पोंछे आंसू**

# तीसरी बार भी विनोद सोनकर को मिलेगा जनता का समर्थनः सदर विधायक

## बाबागंज विधान सभा के जनवामऊ में आयोजित सम्मेलन में पहुंचे सदर विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को बाबागंज विधानसभा के जनवामऊ में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का सम्मेलन आयोजिय हुआ। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग हमेशा से भाजपा के साथ रहा है। पिछड़ा वर्ग को सबसे अधिक सम्मान भाजपा में ही मिला। बाकी की पार्टियां सिर्फ वोट लेने के लिए नाटक करती है। उनकी कथनी करनी में अन्तर रहता है।

आज कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र से आई अपार जन समूह बता रहा है कि यहां के सांसद विनोद सोनकर तीसरी बार ऐतिहासिक मतों से विजयी होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल पप्पू ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 2017 में मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को टिकट देकर विधायक बनाया। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि कौशाम्बी लोकसभा के सभी परिवार अपने है। 2014 से बराबर आपका स्नेह व आशीर्वाद मिल रहा है। आपके आशीर्वाद से ही दो बार सांसद बना। पार्टी ने पुनः तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। आपका स्नेह व आशीर्वाद तीसरी बार मिल रहा है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र,कौशलेन्द्र सिंह पटेल, मुन्ना पटेल, डॉ सुमन साहू,पवन गौतम,रविन्द्र प्रताप सिंह, पुष्पराज पटेल,ज्ञान सरोज,मोहित मिश्र, अमर जीत सिंह,उदय शंकर पाण्डेय, भूपेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सरोज, आशुतोष जायसवाल, सतीश चैरसिया,गोलू शुक्ल,उमा शंकर पटेल, सरोज त्रिपाठी, महेश सिंह फौजी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



सदर विधायक व सांसद का स्वागत करते भाजपाई।

# कार्यक्रम में आए हुए रिश्तेदारों ने पूरे कुनबे को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पड़ोस में निकासन का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान आए हुए रिश्तेदारों ने पड़ोस की रहने वाली महिला को लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। यह सब देख पीड़िता के घर वाले अन्य लोग बचाने के लिए आए तो उक्त लोगों को भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे सभी लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लेकर आई। जहां से एक महिला की हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के रामकोला गांव की रहने वाली सरला देवी पत्नी लालजी ने प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि रविवार की देर रात उसके पड़ोस में नवजात शिशु का जन्म हुआ था। इसके उपलक्ष्य में निकासन का कार्यक्रम चल रहा था इसी दौरान आए हुए रिश्तेदारों ने सरला देवी को मारने पीटने लगे। यह सब देख घर के छोटेलाल पुत्र रामबदन,सुजीत पुत्र सीताराम,अजय पुत्र राम मिलन बीच बचाव के लिए आए तो आए हुए रिश्तेदारों ने उन्हें भी लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही हल्ला गुहार होने पर आस-पड़ोस के लोगों को एकत्र होता देख उक्त लोगों ने जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को पट्टी सीएचसी लेकर आई। जहां पर सरल देवी की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# समझती है जनता, जुमलेबाजी से नहीं होता विकासः प्रथमेश

**पट्टी इलाके में लोगों से की मुलाकात**

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भाजपा की सरकार केंद्र व प्रदेश दोनों जगह है, फिर भी प्रतापगढ़ में विकास नहीं हो रहा। भाजपा व उसके उम्मीवार ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए। खोखले वादों व जुमलेबाजी से विकास नहीं होता। इसके लिए मन में दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए। यही इच्छा शक्ति लेकर हम चुनाव के मैदान में आए हैं।

यह बात प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र सेनानी ने सोमवार को पट्टी इलाके में लोगों से मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हम नेता नहीं, आपके बेटे और भाई हैं। आपकी समस्या को ठीक से जानते हैं, समाधान करेंगे। सेवक की तरह काम करेंगे, बस एक बार मौका दीजिए। जिले में रोजगार नहीं है। युवा बेहाल हैं। यह मुझे अखरता है। जीतने पर प्राइमरी के बच्चों को वजीफा दिलाने, छुट्टा पशुओं से छुटकारा दिलाने, अधिवकताओं को शेड दिलाने का काम करेंगे। इस दौरान प्रथमेश ने कहा कि बसपा प्रमुख बहन कुमारी मायावती सर्वसमाज को जोड़कर चल रही हैं। हम जातिवाद के खिलाफ हैं। हर वर्ग का साथ मिल रहा है। इस दौरान उनके साथ बसपा के पूर्व उम्मीदवार फूलचंद्र मिश्र समेत क्षेत्र के प्रमुख लोग मौजूद रहे। उधर प्रथमेश की पत्नी प्रीमी मिश्रा रामपुरखास में कैंप कर रही हैं। लोगों से जनसमर्थन मांग रही हैं।



लोगों से मुलाकात करते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा।

# ब्लॉक सभागार पट्टी में प्रेस क्लब के पदाधिकारी को पूर्व मंत्री ने दिलाई शपथ

## अध्यक्ष पद पर शिवाकांत पाण्डेय चुने गये

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील के प्रेस क्लब का चुनाव पूर्व में संपन्न हुआ था। जिसमें सात पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए थे। अध्यक्ष पद पर शिवाकांत पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर आकाश तिवारी, महामंत्री के पद पर मानवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर अंकित पांडे, कोषाध्यक्ष के पद पर विजय पाठक, संगठन मंत्री के पद पर अंकित पाठक, प्रकाशन मंत्री के पद पर आनंद अंगद पांडे, चुने गए थे।

पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस दौरान प्रतापगढ़ प्रेस का के जिला अध्यक्ष आदित्य मिश्रा ने सभी पदाधिकारी को माला पहनकर प्रमाण पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ने कहा यदि ग्रामीण अंचल के पत्रकार ना होते तो अखबार का समाचार संकलन पूर्ण नहीं होता। जितनी परिश्रम ग्रामीण अंचल के पत्रकार करते हैं उतनी परिश्रम अन्य लोग नहीं करते। पट्टी इलाके के पत्रकार निर्भीक, निडर एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। कार्यक्रम में प्रतापगढ़ प्रेस क्लब के संरक्षक हरीश सैनी, अनिकेत सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, पवन सिंह, अभिषेक मिश्रा, अजितेश त्रिपाठी के अलावा कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम देश दीपक सिंह, क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार राय, कोतवाल पट्टी आलोक कुमार, पट्टी ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह, अधीक्षक अखिलेश जायसवाल, पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल, रमेश सिंह, पवन सिंह, अशोक श्रीवास्तव, राकेश कुमार पाठक, पूर्व ब्लाक प्रमुख देवेंद्र पांडे, रमाशंकर तिवारी, प्रदीप पांडे समेत तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश पांडे ने किया। शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद एसडीम पट्टी देश दीपक सिंह व क्षेत्राधिकार पट्टी आनंद राय ने उपस्थित पत्रकार व गणमान्य लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदान करने की शपथ दिलाई इस दौरान उन्होंने पहले मतदान फिर जल पान का नारा भी चर्चा करने की अपील की।

# भाजपा शासन में महंगाई व बेरोजगारी चरम परः एसपी पटेल

## इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने सदर क्षेत्र. के दर्जनों गांव में किया जनसम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने सोमवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा सदर क्षेत्र के चालकपुर फरोसन, मामूली, लवली पोक्ताखाम, वर्मा बस्ती, धरौली, कोंहडौर, अंसारी गली, रहमान हात, मदुरा रानीगंज, पालूपुर, पड़री पाल, भगवा सहित दर्जनों गांव में जनसंपर्क एवं बैठक के जरिए अपने पक्ष में जन समर्थन मांगते हुए आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा शासन में आमजन परेशान हैं। महंगाई और बेरोजगारी आज चरम सीमा पर है। मोदी सरकार की कॉरपोरेट पक्ष नीति की वजह से देश में आर्थिक असमानता की खाई बढ़ती जा रही है। मोदी सरकार जनता से किये अपने तमाम वादे पर विफल साबित हुई है। इसका करारा जवाब जनता उनको जरूर देगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के मान सम्मान के लिए वे सदैव तत्पर हैं। इस मौके पर कमरुल हसन, अजीमुल्लाह, मोतीलाल वर्मा, सुरेश जायसवाल, राहुल चैधरी, विनोद यादव, रमेश यादव, सुरेश यादव, रामबहादुर पटेल आदि लोग मौजूद रहे।



लोगों से मुलाकात करते इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी एसी पटेल।

# नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी

**एलायंस क्लब का मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर जारी**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में आज क्लब के पदाधिकारी व क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में सोनवा, चिलबिला, बराछा, कांपा आदि जगहो पर बैठक कर शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि मतदान करना हम सब का मौलिक अधिकार है। आप सबका एक-एक मत अमूल्य है शत प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान में महिलाओं की भूमिका अहम है। लोगों को जागरुक करते हुए क्लब के पदाधिकारी 'चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी', 'चाचा चाची भूल न जाना मतदान करने जरूर जाना' आदि नारे भी जोश खरोश के साथ लगा रहे थे। जिससे जिलाधिकारी महोदय के आवाहन पर शत प्रतिशत मतदान हो। इससे जिले के गौरव के साथ लोकतंत्र भी मजबूत होगा। सभी मतदाताओं ने नारे लगाकर 25 मई को मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ दयाराम मौर्य, आनंद मोहन ओझा, अमरनाथ गुप्ता, सुनील कुमार सिंह, कुंज बिहारी लाल,राधेश्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार, राजीव कुमार आर्य, राकेश कनौजिया, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि को मतदाताओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई।



शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

# आरोप-प्रत्यारोपों में उलझी भाजपा, डिप्टी सीएम ने चेताया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा के प्रतापगढ़ संसदीय चुनाव में आरोप-प्रत्यारोप का दौर पहली बार देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के नामांकन में आए प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने ही दल के लोगों को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो लोग भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं, उनकी सूची मेरे पास पहुंच गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि उन पर कार्यवाही की जाएगी।

वास्तव में भाजपा जहां मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिना रही है तो प्रतापगढ़ में लोग विकास कार्यों के अपूर्ण रहने पर मुखर भी हैं। बताया जाता है कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में तत्काल सांसद हरिवंश सिंह ने प्रतापगढ़ का बाईपास स्वीकृत कराया था। उस कार्यकाल में अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा बांटा जा रहा था लेकिन 2019 आ गया और काम रुक गया। सांसद संगम लाल गुप्ता अपने पांच वर्ष में बाईपास का काम पूरा नहीं करा सके। इसके अलावा इसके अलावा प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर भुपियामऊ से सोनावां तक फोर लेन व डिवाइडर का पैसा आकर पड़ा रहा लेकिन कार्य नहीं शुरु हो सका। कुछ माह पहले नया माल गोदाम रोड की क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने का रेल राज्य मंत्री ने रेलवे ब्रिज का शिलान्यास किया था लेकिन कई माह बीत गया, उसका कार्य नहीं शुरु हो सका। ऐसे कई बडे प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे हैं और ज्यादातर काम भी नहीं शुरु हुआ है। यह बात विपक्ष ही नहीं, बल्कि भाजपा के लोग भी दबी जुबान से मानते हैं जिसे भाजपा विरोध की बात बताती है। विपक्षी उम्मीदवार इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी शिवपाल पटेल का कहना है कि एटीएल में आज तक कोई उद्योग नहीं लग सका। वह आज भी वीरान है। भाजपा केवल घोषणा करने में विश्वास रखती है, जमीन पर कोई विकास नहीं हो रहा। बसपा के युवा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा का कहना है कि भाजपा भटक गई है। उसके नेता केवल बड़ी-बड़ी विकास की घोषणा करते हैं लेकिन जमीन पर कुछ दिखाई नहीं देता। इस तरह आरोपों-प्रत्यारोपों में भाजपा और उसके कुछ प्रतिद्वन्दी उलझे हुए हैं जिस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने अपनी ही पार्टी के लोगों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि चुनाव के समय विरोध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बाइक सवार दो युवक को क्रेन ने कुचला मौत

अखंड भारत संदेश

**घटना के बाद क्रेन चालक क्रेन को छोड़कर मौके से फरार हो गया**



**कौशाम्बी।** पश्चिम सरीरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कार्यालय के आगे अनियंत्रित क्रेन ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया है जिससे बाइक समेत दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े हैं एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है दूसरे युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे अस्पताल पहुंचते ही दूसरे युवक की भी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए पुलिस ने दोनों मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा गांव का माजरा रतन का डेरा निवासी शारदा सरोज उम्र 24 वर्ष पुत्र भैरव प्रसाद अपने रिश्तेदारी के युवक उमेश सरोज उम्र 23 वर्ष पुत्र सुरेश निवासी भइला थाना करारी के साथ सोमवार दिन में 11:00 बजे बाइक से अपने घर रतन के डेरा से पश्चिम शरीरा जा रहा था जैसे ही बाइक सवार पुनवार पेट्रोल पंप के आगे नगर पंचायत कार्यालय के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित क्रेन ने बाइक सवार दोनों युवकों को कुचल दिया जिससे शारदा सरोज की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई वही साथ में बाइक के पीछे बैठे उमेश भी गम्भीर तरह से घायल हो गया हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई आसपास के मौजूद लोगों ने घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले गए लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उमेश की भी मौत हो गई। जैसे ही हादसे की जानकारी दोनों परिवार को पता चली तो कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद क्रेन चालक क्रेन को छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## भट्ठा मजदूर मां बेटी को ट्रैक्टर ने मारा टक्कर इलाज के दौरान बेटी की मौत

**दुर्घटना के बाद मौका पाते ही ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार पुलिस ने वाहन लिया कब्जे में**



**अझुवा कौशांबी।** महोबा जनपद के महोबा थाना क्षेत्र के सेकूपुर निवासी बिल्ला उर्फ इमरान पुत्र मस्तूरा अपनी पत्नी शायरा और तीन वर्षी बेटी मुस्कान को साथ में लेकर कौशांबी जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के देवीगंज वर्दानपुर बर्जी स्थित अकमल ईट भट्ठे में ईट पथाई का काम करते है सोमवार को सायरा अपनी 3 वर्ष की बेटी मुस्कान के साथ देवीगंज बाजार सामान खरीदने ज रही थी रास्ते मे तेज गति अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मां बेटी को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे माँ बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गयी और सड़क पर गिर पड़ी घायल अवस्था में मां बेटी को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया गया जहां मासूम बच्ची मुस्कान 3 वर्ष की मौत हो गई मौत के बाद भट्ठा मजदूर दम्पत्ति दहाड़ मार कर रोने लगे भट्ठा मजदूर की बेटी की मौत की जानकारी मिलने के बाद अन्नय तमाम भट्ठा मजदूर सरकारी अस्पताल पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मासूम मुस्कान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना के बाद मौका पाते ही ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया है लेकिन सीसीटीवी कैमरे में ट्रैक्टर का नंबर कैद हो गया है भट्ठा मजदूर ने पुलिस को ट्रैक्टर का नंबर तहरीर के माध्यम से बताया है दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर के चालक की खोज पुलिस कर रही है पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्यवाही कर रही है।

## झारखंड के कोडरमा से मथुरा के लिए पैदल यात्रा पर निकली कुसुम साहू का कौशांबी में स्वागत



**कौशाम्बी।** झारखंड प्रदेश के कोडरमा से मथुरा के लिए लड्डू गोपाल की मूर्ति को लेकर पैदल यात्रा पर निकली कुसुम साहू यात्रा के 25 वे दिन कौशाम्बी पहुंची है। कुसुम साहू लड्डू गोपाल को साथ लेकर पैदल यात्रा के दौरान कोखराज स्थित जायसवाल होटल पर रुकी जहां यूपी के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने उनका स्वागत किया है। इस कठिन यात्रा को सफल बनाने के लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। रात्रि विश्राम के बाद 26 वे दिन की यात्रा कुसुम ने शुरू की। इस दौरान बजरंग दल के काशी प्रांत के संयोजक विवेक जायसवाल और उनकी टीम ने पैदल यात्रा करने वाली कुसुम और उनकी सहयोगी को सैनी तक छोड़ने गए और सैनी से उनको उनके अगले पड़ाव के लिए विदा किया गया। इस दौरान लड्डू गोपाल को लेकर पैदल यात्रा करने वाली कुसुम ने पूरी टीम को बधाई और सुभकमनाएं दी है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, काशी प्रांत के प्रांत संयोजक बजरंग दल सत्य प्रताप, जिला संयोजक विवेक जायसवाल, विभाग उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अजय पांडे, जिला मंत्री नीलमणि, एसपी दुबे, सनी साहू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता स्वागत व व्यवस्था में लगे रहे।

## मंच से बड़ी-बड़ी बात करने वाले नेताओं को केवल वोट चाहिए जनता की समस्याओं से मतलब नहीं...

### ओसा रोड में बिक्रम स्टैंड के आसपास जल निगम की पानी टंकी से सैकड़ो घरों को 3 वर्ष से नहीं मिल रहा पानी

**कौशांबी।** जब देखो तब चुनाव के नाम पर मंच में खड़े होकर माइक से बड़ी-बड़ी बात करने वाले नेता हर बार जनता से केवल वोट की मांग करते हैं लेकिन नेताओं को अपने वादे नही याद रहते हैं जनता समस्याओं से जूझ रही है लेकिन समस्याओं के समाधान का इन नेताओं के पास समय नहीं है इन नेताओं के छलावे से जनता ऊब चुकी है चुनाव जीत जाने के बाद जनता की समस्या का समाधान करने के लिए इन नेताओं के पास समय नहीं रहता है बीते विधानसभा चुनाव में नगर पालिका मंझनपुर के ओसा रोड की जनता ने पानी की समस्या से नेताओं को अवगत कराया था नेताओं ने आश्वासन दिया था कि चुनाव हो जाने दीजिए आपकी पानी की समस्या दूर हो जाएगी लेकिन चुनाव होते ही नेता अपने वादे को भूल गए अब इन नेताओ का दिमाग कितना तेज काम करता है कि यह अपनी बात ही भूल जाते हैं इस पर जनता तमाम तरह की चर्चाएं कर रही है कुछ समय बीता नगर पालिका का चुनाव आ गया जनता ने फिर मंझनपुर नगर में पानी न मिलने की पुरानी बातों को याद दिलाया। मंझनपुर के ओसा रोड में बिक्रम स्टैंड के आसपास नगर पालिका के जल निगम की पानी की टंकी से सैकड़ो घरों को पानी नही मिल रहा है 3 वर्ष पहले नई पाइप लाइन डाल दी गई है लेकिन उसमें कनेक्शन नहीं चालू किया गया है पुरानी पाइप लाइन की सप्लाई बंद कर दी गई थी कुछ दिन पहले शुरू कर दिया गया है लेकिन पानी इतना धीमा छोड़ा जाता है की पुरानी पाइप लाइन से लोगों को पानी नही मिल पाता है बार-बार जनता मांग कर रही है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है 3 वर्ष बीत जाने के बाद नई पाइपलाइन पानी की सप्लाई नही शुरू हुई है यह विकास के दावे की पोल खोल रही है नगर पालिका के चुनाव में भी नेताओ का जवाब था कि चुनाव हो जाने दीजिए हमारी पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव जितवाइए उसके बाद हम आपकी समस्या का समाधान कर देंगे जनता ने फिर नगर पालिका मंझनपुर में भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र फौजी को चुनाव में जीत दिला दिया चुनाव जीतने के बाद वीरेंदर फौजी समेत सांसद भी जनता की समस्या को फिर भूल गए मंझनपुर नगर पालिका के ओसा रोड के टेंपो स्टैंड के सामने सैकड़ो घरों के लोगों को नगर पालिका के जल निगम की पानी टंकी से 3 वर्ष से पानी नहीं मिल रहा जिससे सैकड़ो घर के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या और बढ़ गई है लेकिन समाधान करने के लिए केवल जनता को आश्वासन मिल रहा है नगर पालिका के अध्यक्ष बनने के बाद वीरेंदर फौजी ने भी इस समस्या को नजर अंदाज कर दिया।

## ट्रेन के आगे कूद गया युवक हुई मौत, नहीं हो पाई शिनाख्त, पुलिस जांच में जुटी

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज कोतवाली क्षेत्र के भरवारी में अचानक चलती हुई ट्रेन के आगे एक युवक कूद गया,ट्रेन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी हुई है लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज कोतवाली क्षेत्र के भरवारी कस्बे के चमन्धा गांव के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के मालगाड़ी वाली रेलवे लाइन पर सोमवार को एक युवक अचानक चलती हुई ट्रेन के आगे कूद गया,ट्रेन से टकराकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सिराथू चौकी पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।मृतक युवक की खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक की हत्या कर प्रेमिका के घर लटकाया शव

### विवाहिता युवती से युवक का लंबे समय से चल रहा था प्रेम प्रसंग



**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव में एक युवक की हत्या कर उसका शव प्रेमिका के घर पर लटका दिया गया है मृतक युवक के दोनों पैर जमीन पर टिके हुए हैं शव पूरी तरह से खड़ा नहीं है जिससे शव को लटकाना नहीं कहा जा सकता है मृतक का एक पैर घुटने के नीचे से मुड़ा हुआ है जानकारी मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव निवासी शमशेर उर्फ राजकुमार यादव उम्र लगभग 24 वर्ष का पड़ोस की एक विवाहिता युवती से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है युवती का पति रोजी-रोटी के चक्कर में मुंबई में रहकर मजदूरी करता है युवती घर पर अपने छोटे-छोटे तीन बच्चों के साथ घर पर रहती है युवती का देवर भी अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है बच्चों के साथ रहने वाली महिला के घर शमशेर उर्फ राजकुमार यादव का लंबे समय से लगातार आना-जाना था बीती रात भी वह घर से दावत खाने को कह कर निकाला लेकिन वापस नहीं लौटा सोमवार की सुबह युवती के घर के अंदर शमशेर उर्फ राजकुमार यादव का शव कपड़े की डोरी से बंधा मिला है मृतक युवक के दोनों पैर पूरी तरह से जमीन पर रक्खे थे या यह कह लिया जाए की एक पैर घुटने के पास से मुड़ा हुआ था प्रथम दृष्टया तो लोगों ने यह कहना शुरू किया कि युवक ने आत्महत्या कर लिया है लेकिन जब गांव के लोगों ने सवाल उठाया की जमीन पर टिके पैर से आत्महत्या नहीं हो सकता और आत्महत्या करने के लिए वह प्रेमिका के घर क्यों जाएगा तो लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाएं होने लगी प्रेमिका के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला है ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले में यदि पुलिस ने सूक्ष्म जांच की तो युवक की हत्या करने वाले लोगों का नाम सामने होगा।

## न्यूज झरोखा

### प्रेक्षक ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराने और चुनाव की व्यवस्था को देखने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक डॉ. विशाल आर. ने सोमवार को मतदान केंद्र नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भरवारी का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए हैं इस दौरान तमाम लोग उनके साथ मौजूद रहे

### कन्या भोज के साथ श्री हनुमान जी का विशाल भंडारा संपन्न



**मनौरी कौशाम्बी।** मनौरी बाजार के रेलवे क्रासिंग के पास स्थिति श्री हनुमान मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने निर्धारित तिथि 6 मई को श्री हनुमान जी का विशाल भंडारा सकुशल संपन्न हुआ इस भंडारे में लगभग 10 हजार भक्तो का आगमन हुआ और सभी भक्तो ने श्री हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया। इस विशाल भंडारे का आयोजन मनौरी के सभी निवासियों के द्वारा संपन्न कराया गया भंडारे के एक दिन पूर्व यानि 5 मई को श्री राम चरित मानस का अखंड पाठ किया गया और 6 मई को भंडारा संपन्न हुआ इसी उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे से पहले कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों कन्यायो को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

### मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन



**भरवारी कौशांबी** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में 06 मई को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है विद्यालय परिसर से रैली निकलकर कस्बे में भ्रमण किया और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया राजस्व निरीक्षक चायल सुरेंद्र सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद के नेतृत्व में शिक्षकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर धीरज सिंह एवं दिनेश सिंह एवं एनसीसी ए एन ओ पंकज कुमार विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया

### कौशांबी की बेटी ने जिले का किया नाम रोशन जीता कराटे मेडल




**कौशाम्बी** मंझनपुर तहसील के महेवा घाट क्षेत्र के उमरावा गांव निवासी अजय कुमार तिवारी की पुत्री अवनी कक्षा 6 की छात्रा है। उत्तराखंड के देहरादून में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई लिखाई करती है जहां कराटे प्रतियोगिता में अंडर 12 के जिला स्तर में ब्राज़ मेडल और राज्य स्तर के खेल में सिल्वर मेडल जीतकर कौशांबी व गांव का नाम रोशन किया है जैसे ही यह जानकारी परिवारजनों व क्षेत्र वासियों को पता चली तो खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अनवी के जान पहचान वाले लोगों का घर पर बधाई देने का ताता लगा हुआ है।

### पशुओं से भरी डीसीएम ट्रक को बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**कौशाम्बी।** जिले में प्रशासन के ढुलमुल रवैए के चलते पशुओं की तस्करी रुक नही पा रही है,जिसके चलते मासूम पशुओं को पशु तस्कर स्लाटर हाउस ले जाते है और उनकी हत्या करते है। पुलिस के ढुलमुल रवैया के चलते बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पशु तस्करी रोकने का जिम्मा उठाया है और कोखराज थाना क्षेत्र में पशुओं से भरे एक डीसीएम को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे से पशुओं को तस्करी कर लेकर जा रही डीसीएम ट्रक को बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने पकड़ लिया,भैंसो को जालिम तरीके से तस्कर डीसीएम ट्रक में भरकर ले जा रहे थे,बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने कोखराज थाना पुलिस को बुलाकर भैंसो से भरी डीसीएम को सौंप दिया है।पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

### ग्राम प्रधान कृषक पशुपालक, समाज सेवी संस्थाओं से भूसा दान की अपील

**कौशाम्बी।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सागर ने समस्त ग्राम प्रधान/कृषक/पशुपालक, भूसा क्रेता/विक्रेता, समाज सेवी संस्थाओं, कोटेदार, गौ प्रेमी एवं समस्त जनपदवासियों से अपील की है कि इस वर्ष भी संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा/हरा चारा अथवा अन्य सामाग्री नजदीकी स्थाई/अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल/गौशालाओं पर दान करें, जिससे गोवंश संरक्षण में पूर्व की भांति आपकी सहभागिता एवं सहयोग बनी रहें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित 85 स्थाई/अस्थाई गौ-आश्रय स्थल पर आपके सहयोग से 14969 गोवंशों को संरक्षण करते हुए अभी भी संरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।विगत वर्षों में आपके द्वारा भूसा महादान अभियान के अन्तर्गत विभिन्न गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के लिए प्रचुर मात्रा में भूसा/हरा चारा एवं अन्य सामाग्री का दान किया गया है, जो कि निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण कार्य में लाभकारी सिद्ध हुआ।

### घूस की रकम लेने के बाद भी गलत तरीके से कर दिया हदबंदी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम शरीरा थाना के बरुआ गांव में भोन्दा की आराजी संख्या 38 की हदबंदी कराने के लिए एसडीएम मंझनपुर की अदालत में मुकदमा दायर किया सुनवाई के दौरान एसडीएम ने हदबंदी का आदेश दिया अदालत के आदेश के बाद राजस्व लेखपाल और कानूनगो ने तमाम तरह के दबाव बनाकर लेखपाल कानूनगो ने भोन्दा के घर की महिलाएं राजकली और सन्तिया से साढ़े सात हजार रुपए की रकम ले ली और उसके बाद 5000 की डिमांड फिर करने लगे जब महिलाओं ने और रुपया देने से इनकार कर दिया तो लेखपाल और कानूनगो ने उसके बगल के खेत वालो से मिलकर उसकी जमीन की हदबंदी में हेरा फेरी कर दी है और बगल के खेत वालों को उसके खेत की जमीन दे दी है जबकि यदि उसके खेत में जमीन अधिक है तो उसके खेत से मिली जमीन सरकार के खाते में जानी चाहिए खेत की हदबंदी करने के लिए दो बार गांव में कानून गो और लेखपाल पहुंचे और दोनों बार की हरबंदी में अलग-अलग तरीके से पैमाइश की गई है सोमवार को महिलाएं एसडीएम मंझनपुर के कार्यालय पहुंची है और शिकायती पत्र देकर लेखपाल और कानूनगो पर गंभीर आरोप लगाते हुए खेत की फिर से हदबंदी कराए जाने की मांग की है।

# गौ माता करे पुकार मौत दे दो योगी सरकार

**बरियावा गौ संरक्षण केंद्र में 400 से अधिक गोवंश थे लेकिन इन दिनों 200 से कम बचे हैं ग्रामीणों की माने तो तपन भरी दुपहरी में 200 की मौत हो गई , जितनी दुर्गति गौ संरक्षण केंद्र बरियावा में गौ माता की है इतनी दुर्गति तो कसाई के यहां भी गौ माता की नही होती है**



**कौशाम्बी।** चायल तहसील के बरियावा गौ संरक्षण केंद्र में तपनभारी धूप में खुले आसमान के नीचे गौशाला की गौ माता भूख प्यास से व्याकुल दिखाई पड़ रही है व्यवस्था के जिम्मेदार एसी और कूलर के रूप में आराम कर रहे हैं लेकिन गौ संरक्षण केंद्र की अव्यवस्था नही दिखाई पड़ रहा है गौ संरक्षण केंद्र में मौजूद गौ माता तपन भरे दुपहरी में खुले आसमान के नीचे तप रही है बरियावा गौ संरक्षण केंद्र में 400 से अधिक गोवंश थे लेकिन इन दिनों 200 से कम बचे हैं ग्रामीणों की माने तो तपन भरी दुपहरी में 200 की मौत हो गई है धूप में टहल रही बेजुबान गौ माता के आंखों से आंसू बह रहा है और उनके आंसू से यह दिखाई पड़ रहा है जिंदगी से बेहतर मौत है गौ माता पुकार कर रही है कि योगी सरकार उन्हें मौत दे दो या फिर तपनभरी भरी दुपहरी से बचा लो गौ संरक्षण केंद्र के देख रेख के लिए लंबे चौड़े बजट आते हैं लाखों करोड़ों का सरकारी खजाना गौ संरक्षण केंद्र में खाली कर दिए गए हैं लेकिन गौ माता की देख रेख के लिए व्यवस्थाएं ठीक नहीं हुई है तपन भरी दुपहरी में गौ माता सूख कर लकड़ी हो गई है खून और हड्डियां गौ माता की जल गई है जितनी दुर्गति गौ संरक्षण केंद्र बरियावा में गौ माता की है इतनी दुर्गति तो कसाई के यहां भी गौ माता की नहीं होती है आखिर 200 गौ माता के केंद्र से गायब होने के बाद भी पशुपालन विभाग से लेकर पंचायत विभाग के अधिकारियों ने मामले को संज्ञान नहीं लिया है।

## कई मामले में वांछित अभियुक्त से गांव वाले परेशान

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के गोबरसहाई गांव मैं कई मामले में वांछित एक अभियुक्त से गांव वाले परेशान है आए दिन महिलाओं से छेड़खानी की जाती है लोगों के साथ मारपीट की जाती है संदीप कुमार पुत्र भीम सेन समदा चौराहे पर छोटी दुकान खोलकर गुजर बसर कर रहा है और रातों दिन समदा चौराहे पर रहता है कई मुकदमों से वंछित और जुवाडियो को जुआ खिलाने वाले और महिलाओं से छेड़छाड़ और अभद्रता करने वाले गांव निवासी नगीना दीनानाथ ,सुदीना पुत्रगण वचान और अजय ,रंजीत पुत्रगण बुधराम व रामधनी ,राम प्रकाश संतराम निवासी गांव गोबरसहाई जिनके ऊपर 2019 से 2023 तक लगभग 5 - 6 मुकदमों से वंछित चल रहे हैं यहां तक कि लड़कियों का भगाने का भी मुकदमा वंछित है ताजा मामला बृहस्पतिवार के दिन शाम लगभग 7:00 बजे उपरोक्त दबंग महिलाओं से अभद्रता कर रहे थे तभी संदीप पुत्र भीमसेन और दिलीप पुत्र भीमसेन ने दबंगों के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ करने का विरोध किया तो उक्त दबंगों ने लाठी डंडे राड और फरसे लेकर संदीप के दरवाजे पर चढ़ आये और गाली गलौज करने लगे आसपास रहे लोगों ने किसी तरह से दबंगों के चंगुल से संदीप कुमार और दिलीप कुमार की जान बचाई दबंगों ने जाते समय कहा कि हम महिलाओं के साथ महिलाओं का सम्मान मिट्टी में मिला देंगे और तुम साले बनियों को जान से मार डालेंगे हम एससी समाज के है एससी एसटी और 376 में फंसा देंगे कभी तुम्हारा जमानत नही होने देंगे यही तक नही यह दबंग गांव के कई महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और किशोरियों को भगा चुके हैं जिसका मुकदमा मंझनपुर थाने में दर्ज है संदीप कुमार ने मंझनपुर पुलिस को तहरीर देकर अपराधियों के प्रति विधि कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## सत्ता के लोभी नेताओं की मर गई मानवता !

**सुख-दुख में शामिल होने की बात करने वाले नेता फौजी की मौत पर उनके घर नहीं गए तो चुनाव जीतने के बाद जनता के दुख दर्द में कितना शामिल होंगे**

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के फौजी घनश्याम पुत्र हरी लाल की फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र में उसकी ससुराल में 2 दिनों पूर्व हत्या कर दी गई हत्या के बाद पुलिस ने समुचित धाराओं में मुकदमा नहीं लिखा जिससे आक्रोशित परिवार के लोगों ने फौजी घनश्याम के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया दो दिन से घर में शव रखा है लेकिन लोकसभा चुनाव के प्रचार में मदमस्त नेताओं की संवेदना इस तरह से मर गई है कि किसी नेता ने फौजी के घर पर जाकर उसके दुख दर्द को जानने का प्रयास नहीं किया है इन्हें केवल सत्ता का सुख चाहिए सत्ता के लोभी नेताओ को केवल जनता से अपने पक्ष में मतदान की अपील करने में पूरा समय व्यतीत हो रहा हैं आम जनता के सुख-दुख से इन नेताओं को कोई मतलब नहीं है मंच से माइक के जरिये केवल लंबी चौड़ी बात करने में इन नेताओं को महारत हासिल है पूरे दिन नेता घूम-घूम कर अपने पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील आम जनता से कर रहे हैं लेकिन किसी दुखी व्यक्ति के दुख में शामिल होने का उनके पास समय नहीं है भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी विनोद सोनकर समेत समाजवादी गठबंधन के प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज भी फौजी घनश्याम के घर नहीं पहुंचे हैं इतना ही नहीं छोटे दल के नेता भी उनके घर नहीं पहुंचे हैं इससे इन नेताओं के संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है आम जनता के सुख-दुख में शामिल होने की बात करने वाले यह नेता जब फौजी के मौत पर उनके घर नहीं गए तो चुनाव जीतने के बाद यह आम जनता के दुख दर्द में कितना शामिल होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

# आम जनता किसान मजदूर गांव के क्षेत्र के लोगों को नहीं समझ आ रहा सांसद का विकास

अखंड भारत संदेश

**शिक्षा के लिए ना तो स्कूल खाद के लिए ना तो समितियां इलाज के लिए ना तो अस्पताल सिंचाई की लिए ना तो नलकूप किस विकास की बात कर रहे सांसद**

**कौशाम्बी।** जनता ने बड़ा भरोसा कर दो पंचवर्षीय 10 वर्ष के कार्यकाल का समय सांसद विनोद सोनकर को इस उम्मीद से दिया कि जो पूर्व के सांसदों ने नहीं किया वह विनोद सोनकर करेंगे और एक बार नहीं लगातार दो बार विनोद सोनकर को आम जनता ने कौशांबी लोकसभा से सांसद बनाया 10 वर्षों से कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर लंबी चौड़ी विकास की बात कर रहे हैं लेकिन आम जनता किसान मजदूर की मूल जरूरत का समाधान नहीं कर सके हैं विकास की बात करना तो बेमानी लगता है भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें त्रिपुरा का प्रभारी बनाया और त्रिपुरा के प्रभारी के बाद वह लंबी चौड़ी फौज के साथ भाजपा का चुनाव कराते रहे और त्रिपुरा की ही बात करते रहे 10 वर्षों तक कौशांबी के सांसद रहे विनोद सोनकर को कौशांबी के विकास करने का समय नहीं मिला है और 10 वर्ष से पहले कांग्रेस समाजवादी बहुजन समाज पार्टी के सरकार में कराए गए विकास कार्यों में जहां कौशांबी की जनता थी वही 10 साल के बाद भी आमजनता रह गई है किसानों के खेतों की फसल की सिंचाई के लिए जिले के तमाम क्षेत्र में नलकूप का अभाव है लेकिन 10 वर्ष के कार्यकाल में सांसद ने सरकारी नलकूप लगाकर किसानों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास नहीं किया चायल तहसील क्षेत्र के नेवादा विकासखंड के यमुना नदी के तराई क्षेत्र के औधन लोधौर सहित कई दर्जन गांवों के कई हजार किसान खेतों की सिंचाई नहीं कर पाते हैं जिससे फसलें बर्बाद हो जाती है और फसल बर्बाद होने से किसान का पूरा परिवार 2 जून की रोटी के लिए परेशान हो जाता है लेकिन 10 वर्ष से कौशांबी के सांसद रहे विनोद सोनकर ने सरकारी नलकूपों को लगवाकर किसानों के खेतों के खेतों तक पानी पहुंचाने का प्रयास नहीं किया है लेकिन फिर भी कौशांबी सांसद विनोद सोनकर लंबी चौड़ी बात करके विकास की बात कर रहे हैं क्या यही कौशांबी का विकास है जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट है अस्पतालों में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है तमाम क्षेत्र ऐसे हैं जहां 10 किलोमीटर तक सरकारी अस्पताल नहीं है लोगों को मजबूरन निजी नर्सिंग होम में इलाज कराना पड़ता है लेकिन जिस क्षेत्र में दूर-दूर तक सरकारी अस्पताल नहीं है 10 वर्ष के कार्यकाल में वहां नए अस्पताल नहीं खुल सके हैं नेवादा विकासखंड क्षेत्र के यमुना नदी के तराई के दर्जनों गांव में 10 किलोमीटर तक सरकारी अस्पताल नहीं है 10 वर्षों के कार्यकाल में विनोद सोनकर ने सरकारी अस्पताल खुलवाने का प्रयास नहीं किया है जिससे आम जनता को पूर्व के सांसद के कार्यकाल में खोले गए अस्पतालों में इलाज कराना पड़ता है और उसके बाद कौशांबी सांसद विनोद सोनकर विकास की बात कर रहे हैं क्या विनोद सोनकर का यही विकास है आम जनता को खेतों के फसलों की सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था नहीं कर सके आम जनता के बीमार होने पर उन्हें इलाज की व्यवस्था नहीं कर सके लेकिन कहते हैं कि कौशांबी में बड़ा विकास हुआ है पूर्व की सरकार में जो सहकारी समितियां खुली थी उन समितियों से किसानों को उर्वरक मिल जाती है लेकिन उर्वरक की समस्या प्रत्येक वर्ष बनी रहती है हजारों किसानों को उर्वरक नहीं मिल पाती है 10 वर्ष तक कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर ने सहकारी समितियां खुलवाकर उर्वरक की समस्या दूर करने का प्रयास नहीं किया है इस मुद्दे को कभी उन्होंने लोकसभा में भी नहीं उठाया जिससे उर्वरक की समस्या से लाखों किसान आज भी जूझ रहे हैं समस्याओं से जूझते किसान की समस्याओं का समाधान करने के बजाय कौशांबी सांसद विनोद सोनकर मंच से लंबी चौड़ी बात कर विकास की बात कर रहे हैं। यदि 10 वर्ष के कार्यकाल में सांसद ने प्रयास किए होते तो किसानों की उर्वरक की समस्याओं का समाधान हो गया होता। तमाम गांव क्षेत्र में दूर-दूर तक परिषदीय स्कूल नहीं है जिससे तमाम गांव क्षेत्र के किसान गरीब मजदूर के बच्चे शिक्षा पाने से वंचित रह जाते हैं और जिन बच्चों में अधिक लगन है वह दूर के स्कूल में जाकर शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा देने के लिए कौशांबी सांसद ने ठोस प्रयास नहीं किया है। यदि कौशांबी सांसद ने ठोस प्रयास किया होता तो यमुना नदी के दूर क्षेत्र में और परिषदीय स्कूलों को खुलवा करके गांव के बच्चों की शिक्षा का माध्यम सरल कर देते उन्हें तो त्रिपुरा का विकास और चुनाव दिखाई पड़ रहा था कौशांबी के विकास से 10 वर्षों तक कौशांबी सांसद विनोद सोनकर को कोई वास्ता नहीं था फिर चुनाव आते ही मंच से बड़ी-बड़ी बात कर वह विकास की बात कर रहे हैं जबकि गांव के छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा देने के लिए नए परिषदीय स्कूल नहीं खुल सके हैं जो परिषदीय स्कूल है वह कांग्रेस और बसपा सपा शासन काल में बनाए गए हैं आखिर सांसद कौशांबी किस विकास की बात कर रहे हैं जो बात आम जनता किसान मजदूर और गांव के क्षेत्र के लोगों को नहीं समझ आ रही है।

## संपादक की कलम से

### एक कहानी वही पुरानी : 2004 रिपीट!

चुनाव पूरी तरह काल्पनिक भावुक डराने वाले मुद्दों पर लाए जाने की कोशिश हो रही है। लेकिन जनता 2004 की तरह हकीकत की पथरीली जमीन पर खड़ी हुई है। बेरोजगारी ने पूरे परिवार की कमर तोड़ दी। ऊपर लिखी कहानी हमें एक दोस्त ने सुनाई। उसकी देखी हुई। ऐसी कहानियां घर घर में हो रही हैं। सब छुपाए बैठे हैं। कहते हैं महंगाई भी एक बार बर्दाश्त कर लें। मगर कोई कमाई तो हो। भाजपा ऐसे ही चुनाव लड़ती है। जब विपक्ष में होती है तो कांग्रेस यह नहीं कर रही वह नहीं कर रही। यह किया वह किया। लोग सुन लेते हैं। मगर जब सत्ता में रहकर भी वह कांग्रेस कांग्रेस करती है तो जनता सत्ता ही पलट देती है। जी हां, 2004 में ठीक ऐसा ही हुआ था। छह साल की सत्ता के बाद वाजपेयी सरकार या तो काल्पनिक तस्वीर शाइनिंग इंडिया दिखा रही थी या सोनिया गांधी विदेशी मूल की हैं यह बता रही थी। छह साल में किया इसकी कोई बात नहीं। कांग्रेस ने क्या नहीं किया इस पर सारा चुनाव प्रचार। नतीजा वही हुआ। जनता ने नकारात्मक बातें सुनने से इनकार कर दिया। और सोनिया गांधी की आम आदमी की सरकार पर विश्वास करके उन्हें जीता दिया। सोनिया ने भी उस विश्वास को कायम रखा और अपनी ही पार्टी और सरकार के ताकतवर लोगों के विरोध के बावजूद किसानों की कर्ज माफी, मनरेगा, महिला बिल, आरटीआई, फूड सिक्योरटी जैसे क्रान्तिकारी काम किए। अर्थ व्यवस्था के उदारीकरण को हरी झंडी देकर देश के मध्यम वर्ग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। मनमोहन सिंह जिन्हें सोनिया ने प्रधानमंत्री पद के लिए चुना था उनके लिए अभी के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बहुत सही कहा कि वे देश के मध्यम वर्ग के हीरो हमेशा बने रहेंगे। मनमोहन सिंह के समय देश में मध्यम वर्ग की संख्या 26 करोड़ तक पहुंच गई थी। जबकि 2004 में जब उन्होंने सत्ता संभाली थी तो देश में मध्यम वर्ग की आबादी केवल 14 प्रतिशत ही थी। मनमोहन सिंह के राज्यसभा से रिटायर होने के मौके पर बोलते हुए खरगे ने यह भी याद किया कि उस समय देश के 27 करोड़ लोगों को भी गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया था। मगर उसके बाद रोजगार के अवसर बंद करके मध्यम वर्ग को वापस निम्न मध्यम वर्ग में और निम्न मध्यमवर्ग को फिर से गरीबी रेखा के अंदर पहुंचा दिया गया। भारत में मध्यमवर्ग मूलतः नौकरी पेशा और व्यापारी वर्ग है।छोटा और मध्यम दर्जे का व्यापारी नौकरी पेशा समुदाय पर निर्भर रहता है। मगर पिछले दस साल में जब नौकरियां ही नहीं रहीं तो व्यापार भी अपने आप ठप्प हो गया। जैसा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बताया कि देश में इस समय 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हुए हैं। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था कि हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे। मगर अब वे इसकी बात भी नहीं करते हैं। चुनाव प्रचार में वे कांग्रेस यह छीन लेगी, वह छीन लेगी। यहां तक कि भैंस भी छीन लेगी जैसी बात कर रहे हैं। मगर नौकरी की बात नहीं कर रहे हैं। हां जैसे वाजपेयी सरकार ने इन्डिया शाइनिंग कहा था वैसे मोदी सरकार अच्छे दिन कह रही है। न उस समय इन्डिया शाइनिंग किसी को दिखा और न ही अच्छे दिन किसी को दिख रहे हैं। 2004 फिर से रिपीट होता दिख रहा है। मोदी जी बहुत बौखलाए हुए हैं। दस साल में क्या किया वह इसकी बात ही नहीं कर रहे हैं। नौकरी महंगाई निजीकरण करने से शिक्षा व्यवस्था का क्या हाल हो गया। अभी गलगोटिया यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की एक खबर सामने आने पर सबने देखा कि वे न अंग्रेजी पढ़ पा रहे हैं और न हिन्दी। न किसी चीज का सामान्य ज्ञान है। सबने देखा। ऐसे ही चिकित्सा व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने से क्या हुआ यह उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में ही मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बताया। उनकी माताजी को वहां लखनऊ के एक बड़े प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पांच लाख का बिल दिया गया और मां का शव। मंत्री राजभर ने प्राइवेट अस्पताल पर कड़े सवाल उठाए। साथ ही उत्तर प्रदेश में सरकारी चिकित्सा व्यवस्था के खराब होने पर भी। मगर आजकल जिम्मेदारी तो कोई लेता नहीं। और अगर जवाब देना जरूरी हो तो अब तो वे नेहरू से भी आगे मुगलों तक चले जाते हैं कि उन्होंने यह काम क्यों नहीं किया। जी हां सारे भक्त जो अपने आपको अब इन्फ्लूएंसर कहने लगे और मीडिया और भाजपा नेता कहते हैं कि 15 वीं शताब्दी में यह काम करना था। और सोलहवीं में यह! यह जो सड़कें बनवाईं। जीटी रोड यह नहीं बनाना थी। बल्कि वह काम करवाना था। चलो भारत को पूर्व से पश्चिम तक जोड़ने वाली काबुल अफगानिस्तान तक जाने वाली सड़क शेरशाह सूरी ने बनवा दी मगर फिर उसकी राजस्व प्रणाली को अकबर को और किसान हितैषी नहीं बनाना था।मोदी जी कह रहे हैं कि 500 साल में जो कोई नहीं कर पाया वह मैंने कर दिया। इन बातों पर वे वोट चाह रहे हैं। वाजपेयी सरकार ने भी यही किया था। कहा था फील गुड। गरीबी, बेकारी, महंगाई मत देखो। महसूस करो। फील गुड। जनता नहीं कर पाई। उसने कांग्रेस को वोट दे दिया। आज मोदी जी भी यही कह रहे हैं अच्छे दिन। जनता को नहीं दिख रहे। बेरोजगारी ऐसी कभी नहीं थी। बाप भी बेरोजगार बेटा भी बेरोजगार। एक सच्ची मार्मिक कहानी किसी ने सुनाई। बाप सुबह उठकर बेटे के जेब देखता है कि कुछ है क्या? अभी यह निकल जाएगा। खाली जेब है दिनभर क्या करेगा! उधर बेटा पहले ही पिता की जेब चेक कर चुका है कि इनके पास कुछ है या नहीं। अभी निकल जाएंगे। काम की तलाश में। बिना एक भी पैसे के दिन कैसे निकालेंगे। और कहानी का सबसे दिल दहला देने वाला पार्ट है मां! जो चुपचाप दोनों को देखती है। इधर से उधर जाती है। हाथ मल कर रह जाती है। जो कुछ बचा कर रखती थी। नोटबंदी में सब नोट निकल गए। कुछ छोटे नोट जो बचे थे वह लाक डाउन में घर का खर्च चलाने में चले गए। अब रोटी पानी का इंतजाम करना मुश्किल हो रहा है। घर से निकलते बाप बेटे के हाथ में क्या रखे?

### केंद्र की भ्रमित नीति से भाजपा प्रत्याशियों को हो रही परेशानी

– तीर्थंकर मित्र

एमएसपी का मुद्दा उन लाखों किसानों के हितों की रक्षा करने की अग्निपरीक्षा है जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने वाले विशाल कार्यबल का हिस्सा हैं। 18वीं लोकसभा चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों के सहयोगात्मक प्रयास के बाद ही परीक्षा उत्तीर्ण की जा सकती है। कृषि सुधारों के प्रति प्रतिबद्धताएं सभी चुनावी प्रतियोगियों को साझा करनी होंगी। इसके मूल में, एमएसपी का मुद्दा राजनीतिक बयानबाजी और पक्षपातपूर्ण एजंडे से परे है।

भारत अपने गांवों में बसता है। यद्यपि महात्मा गांधी की कई अन्य बातों की तरह इसे भी अक्सर ध्यान में नहीं रखा जाता है, केंद्र में मौजूद सरकारों ने अब तक गांवों के निवासियों, विशेषकर किसानों के प्रति अपनी दिखावटी सेवा को ही प्रस्तुत किया है, जिसके कारण किसानों और गांववासियों की वास्तविक भलाई नहीं हो पाई है। वे अभी भी दुर्दिन में अपना जीवनयापन करने को विवश हैं।

भारत में तरह–तरह के किसान हैं और उन्हें एक साथ नहीं मिलाया जा सकता है क्योंकि उनकी समस्?ाएं बहुत ही भिन्न हैं। कोई भी उस किसान नेता को, जिसके पास कई एकड़ अच्छी तरह से सिंचित फसल वाले खेत थे, और जो आगे चलकर देश का उपप्रधानमंत्री बना (देवीलाल) को उन किसानों के साथ नहीं जोड़ सकता है जिसने वर्षा नहीं होने के कारण सूखे फसल वाले खेतों का ही कष्ट झेला और कर्ज का बोझ सहन करने में असमर्थ होकर आत्महत्या कर ली।

लेकिन चुनाव आते ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मुद्दा भावनात्मक हो जाता है। इसे न पाने पर धरती जोतने वाले अपनी राजनीतिक निष्ठा बदल कर बदलाव ला सकते हैं। आखिर किसानों के पास संख्या है। ऐसी बड़ी संख्या राजनीतिक खेल के नियम बदल सकते हैं। आज चुनाव के माहौल में इस मुद्दे का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में हो रहा है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कुछ कृषि उत्पादों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य है, जिस पर खुले बाजार की कीमतें लागत से कम होने पर उन्हें सीधे किसानों से खरीदा जायेगा। 2024 के चुनाव से पहले, एमएसपी अचानक केंद्रीय राजनीतिक मंच पर आ गया है।

आखिरकार, यह भारत के कृषक समुदाय की गहरी चिंता का प्रतिबिंब है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस समुदाय द्वारा डाले गये वोटों का प्रभाव भारत के सामाजिक–आर्थिक ताने–बाने और राजनीतिक नियति पर पड़ता है।

आश्चर्य की बात नहीं है कि राजनीतिक दल एमएसपी के मुद्दे पर अपनी–अपनी बात कहने के लिए होड़ कर रहे हैं। इसे अब हाशिये पर नहीं धकेला जा सकता। कांग्रेस खुद को किसानों के अधिकारों की समर्थक के रूप में देखती है। उसके द्वारा कानूनी तौर पर गारंटीशुदा एमएसपी की मांग की जा रही है और फिर चुनावी वायदा भी किया गया है।

भले ही वह सबसे पुरानी पार्टी के रूप में अपने विवरण पर खरी नहीं उतरी हो, उसने अपनी इस मांग को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की अपनी विरासत पर आधारित रखा है। किसानों के हितों के रक्षक होने के अपने दावे को जोर–शोर से उठाने का दूसरा कारण यह है कि उसने किसानों पर राष्ट्रीय आयोग भी गठित किया था।

ऐसी उपलब्धियों के साथ, यह एक मजबूत एमएसपी व्यवस्था के अटूट समर्थन का दावा करता है। कांग्रेस के साथ इस मुकाबले में, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की राह एक पतली रेखा पर चल रही है। यह रेखा किसानों को खुश करने और व्यापार–समर्थक दृष्टिकोण बनाये रखने के बीच है। सरकार ने कुछ फसलों पर एमएसपी की पेशकश करके किसानों को लाभ पहुंचाया है।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

– ललित गर्ग–

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन ह्यइंडियाह्ण को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने ह्यनाइंसाफीह्ण के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए



कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है। आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दर्शार्ता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं? भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।

कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का ह्यशहजादाह्ण भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। भारत मजबूत प्रधानमंत्री वाला मजबूत देश चाहता है। नए भारत के ह्यसर्जिकल और एयर स्ट्राइकह्ण ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को नजरअंदाज करते हुए मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की है, उसी का परिणाम है कि जिसने 500 वर्षों तक पीढ़ियों के संघर्ष के बाद बने प्रभु श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह एवं मन्दिर से कांग्रेस दूरी बनाये रखी है। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के निर्णय का भी विरोध किया है, जबकि अब वहां आतंकवाद खत्म होकर शांति, अमन एवं विकास की गंगा प्रवहमान है। जनता ही नहीं, कांग्रेस के नेता भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की इन विसंगतियों एवं विडम्बनाओं को समझ रहे हैं और पार्टी से पलायन कर रहे हैं। मुगलों व अंग्रेजों की भाषा बोल रहे व हिंदू जनमानस व हिंदू संस्कृति के विरुद्ध जहर उगल रहे राहुल गांधी को पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में जनता क्या जबाव देती, यह भविष्य के गर्भ में हैं।

प्रेषक:
(ललित गर्ग)
ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज,
दिल्ली–110092
फोन:–22727486, मोबाईल:–
9811051133

# नोटिस का जबाब है अयोध्या का मेगा रोड शो

@ राकेश अचल

भारतीय राजनीति में निस्संदेह प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी सबसे बड़े शो मैन बन गए है । सिनेमा में जैसे किसी जमाने में राजकपूर की हैसियत थी ठीक वैसी ही हैसियत माननीय मोदी जी ने भी बना ली है । उनके भक्त / अंधभक्त बेहतर हो की मोदी जी को भगवान का अवतार कहने के बजाय सियासत का राजकपूर कहें।राजनीति के राजकपूर नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा दिए गए नोटिस का जबाब अयोध्या में राममंदिर से अपना चुनावी रोड शो कर दे दिया है।अब केंचुआ को समझ लेना चाहिए की मोदी जी नहीं सुधरने वाले। बेहतर हो की केंचुआ ही अपने आपको सुधार ले।

माननीय मोदी जी के हिन्दू-मुसलमान वाले भाषणों को लेकर केंचुआ ने साहस दिखाते हुए मोदी जी के बजाय उनकी पार्टी को नोटिस जारी किया था ,हालाँकि नोटिस जाना चाहिए था राजनीति के राजकपूर यानि मोदी जी को। ऐसा ही नोटिस राहुल गांधी को भी मिला था। राहुल राजनीति के भारत कुमार यानि मनोज कुमार कहे जा सकते हैं। उनके शो कामयाब हों या न हों लेकिन वे -'भारत का रहने वाला हूँ ,भारत की बात सुनाता हूँ ' की तर्ज पर सियासत कर रहे हैं। दोनों को 29 अप्रेल तकनोटिस का जबाब देना था। दोनों दलों ने क्या जबाब दिया या नहीं दिया ये केंचुआ ही जानता है ,लेकिन मोदी जी ने आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाकर अयोध्या में मेगा रोड शो कर केंचुआ को अपना जबाब दे दिया।

जाहिर है कि मोदी जी किसी से नहीं डरते । न संविधान से और न संवैधानिक संस्थाओं से।केंचुआ तो है किस खेत की मूली ? केंचुआ को नहीं पता कि मोदी जी नागपुर के उस खेत की मूली हैं जो किसी दूसरे खेत में पैदा नहीं होती। मोदी जी पहले नागपुर के संघ परिवार का हिस्सा होते थे,कालांतर में उनका अपना मोदी परिवार है। यानी अब संघ परिवार मोदी परिवार का हिस्सा है। मोदी परिवार अब संघ परिवार से कहीं ज्यादा बड़ा हो गया है। राजनीति में दिलचस्पी रखने वाली नई पीढ़ी संघ परिवार का हिस्सा बनने के बजाय अब मोदी परिवार का हिस्सा बनना ज्यादा पसंद कर रही है। क्योंकि मोदी जी हैं तो सब कुछ मुमकिन है।



मोदी जी के बढ़ते परिवार के सामने जब नागपुर का संघ परिवार नहीं टिका तो नेहरू-गांधी का परिवार क्या खाक टिकेगा ? केंचुआ परिवार तो और छोटा है। उसे मोदी जी के भाषणों का संज्ञान लेना हीनहीं चाहिए था । नोटिस देना ही नहीं चाहिए था। मै तो कहता हूँ कि केंचुआ को अपने नोटिस को वापस लेकर माननीय मोदी जी से क्षमायाचना कर लेना चाहिए ,अन्यथा मोदी जी और उनका परिवार अबकी संविधान के साथ -साथ केंचुआ की शक्ल-सूरत भी बदल देगा। मोदी परिवार में शामिल होने के लिए संघ की किसी शाखा में जाकर संघ-दक्ष करने की जरूरत नहीं है। बस असंवैधानिक इलेक्टोरल बांड की तरह कुछ खरीदो और भाजपा को दे दो ! आपको मोदी परिवार में शामिल कर लिया जाएगा।

बहरहाल मैंने बात शुरू की थी केंचुए के नोटिस और आदर्श आचार संहिता की। तो आपको जान लेना चाहिए कि केंचुआ केवल विपक्ष के लिए है, भाजपा के लिए नहीं। आदर्श आचार संहिता भी भाजपा के लिए नहीं बनी है। भाजपा के अपने आदर्श हैं जो आदर्श आचार संहिता के आदर्शों के मुकाबले बहुत बड़े हैं।भाजपा का पहला और आखरी आदर्श सत्ता है और कुछ नहीं । इसलिए केंचुआ को मोदी जी से या उनकी भाजपा से पंगा नहीं लेना चाहिये । जो और जैसा चल रहा है ,चलते देना चाहिए। भाजपा और मोदी जी के खिलाफ आने वाली विपक्ष की तमाम शिकायतों के लिए केंचुआ को अपने दफ्तर की डस्टविन का इस्तेमाल करना चाहिए।

मोदी जी से सब हारे हैं। राम जी भी शायद। अपने मंदिर के बाहर अपने भक्त मोदी जी की आरती उतरते देख उनका मन खुश हुआ या खिन्न ये मुझे नहीं पता ,लेकिन रामराज्य में ये अनूठा प्रयोग है। राम मंदिर से हो हुए मेगा शो के पहले मंदिर सजाने के लिए भगवा टेंट-ताम्बू और कार्पेट का खर्चा भाजपा के खाते से हुआ या मंदिर ट्रस्ट के खाते से इस पर भूले से भी शोध नहीं होना चाहिए ,क्योंकि घी खिचड़ी में जाए या खिचड़ी घी में कोई फर्क नहीं पड़ता। राम जी की प्राण-प्रतिष्ठा मोदी जी ने कराई है ,इसलिए अब राम जी की ड्यूटी है की वे मोदी जी को 400 पर कराएं। नहीं कराएँगे तो जग-हंसाई तो राम जी की होगी ,मोदी जी की नहीं।

राम जी की ताउम्र सेवा करने वाले हनुमान जी भी 4 मई को मोदी जी का मेगा शो देखकर दंग थे। उनकी मुख-मुद्रा से लग रहा था कि जैसे वे मोदी जी से ईर्ष्या कर रहे हैं और राम जी से शिकायत ! 7 मई को मतदान का तीसरा चरण यानी लोकतंत्र के साथ सत्ता की तीसरी भांवर पड़ने वाली है। फैसला आपको करना है। आपके सामने अनेक लोगों की प्रतिष्ठा का सवाल होगा । मोदी परिवार,संघ परिवार, गांधी परिवार ,यादव परिवार ,माया परिवार संविधान और केंचुआ आदि । आपका वोट तय करेगा कि देश में क्या बचे और क्या नहीं ?

### गोधरा कांड पर मोदी की गलत बयानी

लोकसभा चुनाव के लिये 19 व 26 अप्रैल को हुए दो चरणों के मतदान में पिछड़ने के अंदेशे से घिरी हुई भारतीय जनता पार्टी का डर साफ नजर आने लगा है। इसके चलते पार्टी के स्टार प्रचारक व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब वर्ष 2002 में उनके गृह राज्य गुजरात में हुआ कुख्यात गोधरा कांड भी लेकर आ गये हैं। पिछले दिनों नरेंद्र मोदी अपने चिर परिचित हथियार यानी कि हिन्दू–मुस्लिम का मसला लेकर आ ही चुके हैं, तो गोधरा का अगर वे उल्लेख न करते तो आश्चर्य ही होता लेकिन उन्होंने इस मुद्दे को उठाते हुए कालक्रम का जैसा घालमेल किया उससे साफ है कि उनका उद्देश्य ध्रुवीकरण करना ही है। स्पष्ट है कि समयावधि का तारतम्य उनसे भूलवश नहीं गड़बड़ाया वरन यह एक सायास उपक्रम था जिसके दोहरे लक्ष्य थे– एक तो साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलना और दूसरे, जिस जमीन पर खड़े होकर उन्होंने इस बात को उठाया वहां के अपने प्रतिद्वंद्वी को बदनाम करना। शनिवार को बिहार के दरभंगा की प्रचार सभा में उन्होंने कहा कि गोधरा में कारसेवक रेल यात्रियों के हत्यारों को रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव ने बचाने का प्रयास किया था। मोदी के अनुसार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू ने रेल विभाग में एक कमेटी बनाई थी जिसने आरोपियों को निर्दोष बतलाया था परन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डाल दिया था। उन्होंने अपने भाषण में राहुल गांधी के साथ लालू यादव के पुत्र तेजस्वी को 'शहजादे' बतलाते हुए अपमानित तो किया ही, उन्होंने जो टिप्पणी गोधरा कांड को लेकर की वह हैरत में डालने के लिये काफी है। उनके बयान में जो कहा गया, उससे यह भी सवाल उठता है कि क्या वे हालिया संसदीय इतिहास से इतने अनभिज्ञ हैं कि वे यह भी नहीं जानते कि 2002 में स्वयं भाजपा की केन्द्र में सरकार थी जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी कर रहे थे। इतना ही नहीं, तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार थे जो तब समता पार्टी के रूप में भाजपा के गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) का हिस्सा थे। संयोग यह भी है कि नीतीश बाबू अब भी एनडीए के हिस्सा हैं। पहले भी कई मौकों पर मोदी अपने भाषणों में ऐतिहासिक घटनाओं के सन्दर्भों में घालमेल करते रहे हैं। तो क्या वैसी ही उन्होंने यह भी एक गलती की है? तथ्य तो यह है कि वाजपेयी सरकार के 2004 में पराजित होने के बाद जब यूनाइटेड प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) सरकार बनी थी, लालू को उसमें रेल मंत्री बनाया था और जिस रिपोर्ट का जिक्र मोदीजी ने अपने भाषण में किया वह 2006 में आई थी। वह घटना और उसके कारण गुजरात में हुए दंगे आज भी देश के धर्मनिरपेक्ष चेहरे पर कलंक के रूप में याद किये जाते हैं जिसने भारत का सिर शर्म से झुका दिया था। असली व बड़ा तथ्य तो यह है कि खुद मोदी जी उस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने इस घटना की प्रतिक्रिया में राज्य में हुए दंगों में अल्पसंख्यकों को बचाने की कोशिशें नहीं कीं। आईपीएस संजीव भट्ट ने इसी आशय का खुलासा किया है। सभी जानते हैं कि भट्ट लम्बे समय के लिये जेल में डाल दिये गये हैं। उन्हें एक पुराने मामले में लम्बी कैद की सुनाई गई है। गुजरात घटना ने मोदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत बदनामी दी थी। यहां तक कि कुछ देशों ने तो उनके प्रवेश पर पाबंदी लगाते हुए उन्हें अपने यहां आने से मना भी कर दिया था। मतदान के शुरूआती दो चरणों में मोदी के अनेक तीर खाली जा चुके हैं। दस वर्षों तक शासन करने वाली भाजपा व मोदी का ख्याल था कि राम मंदिर का मामला काम करेगा। इसलिये आनन–फानन में आधे–अधूरे मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा 22 जनवरी को मोदी के हाथों करवा ली गयी थी ताकि तीन–चार माह इस मामले को भरपूर भुनाया जा सके। उम्मीदों के विपरीत यह मामला जोर पकड़ने के पहले ही बासी हो गया। हिन्दू–मुसलमान विमर्श के तहत मंगलसूत्र छीनकर मुस्लिमों को देने वाला उनका बयान भी पिट गया है। इसी क्रम में चुनावी लोभ हेतु गोधरा कांड को लाया गया है, जिसके बारे में कहा जाता है कि एक ओर तो इसके जरिये मोदीजी का साम्प्रदायिक चेहरा अवश्य सामने आया था परन्तु दूसरी ओर कट्टर सोच वाले हिन्दू इसी के चलते मोदी जी से प्रभावित होते रहे हैं। आज भी मोदी जी को हिन्दू हृदय सम्राट का कुछ लोग जो दर्जा देते हैं, तो उसके पीछे इस वारदात का बड़ा हाथ है। हालांकि लोग इस बात को भूल जाते हैं कि गोधरा कांड के बाद, जिसमें कई लोगों की जानें गयी थीं, महिलाओं के साथ बलात्कार किये गये थे, अल्पसंख्यकों की सम्पत्तियां नष्ट की गयी थीं तथा बड़ी संख्या में वे गुजरात छोड़ गये थे, उसे लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी जी ने मोदी जी को 'राजधर्म का पालन' करने को कहा था। मोदी जी सम्भवतः 'विकास पुरुष' की स्वाहा हो चुकी अपनी छवि की राख से पुनः 'हिन्दू हृदय सम्राट' की इमेज गढ़ना चाहते हैं ताकि चुनाव जीत लें। तो भी उन्हें याद रखना होगा कि ऐसे प्रसंगों को पुनर्जीवित कर वे चुनावी लाभ तो पा लेंगे लेकिन देश व लोकतंत्र के लिये वह घातक होगा।

## जिले में मतदान को प्रशासन ने कसी कमर

### मतदान प्रक्रिया बाबत डीएम ने बारीकी से दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में विकास भवन सभागार में लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग व पारदर्शिता से संपन्न कराने को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण हुआ।

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल- सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि 20 मई को जिले में मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने एमपीएस एप, मतदान प्रतिशत संकलन एप लागू किया है। उसी अनुसार मतदान प्रक्रिया की जानकारी एप से मोबाइल पर डाउनलोड करके दी जानी है। एआरओ से कहा कि रजिस्ट्रेशन सेक्टर मजिस्ट्रेट का किया जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। अच्छे से सभी लोग समझ लें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। गंभीरता से प्रशिक्षण लेकर चुनाव को सम्पन्न करायेंगे। मतदान के एक दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। सभी बूथों का निरीक्षण करेंगे। व्यवस्थाओं को देखेंगे, कोई समस्या है तो तत्काल निस्तारण करायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव सम्पन्न कराने को बुकलेट दी है। उसका अच्छे ये अध्ययन करें, ताकि मतदान के समय कोई समस्या न आये। प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन संचालन, वैलेट यूनिट, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट, मशीनों का सीरियल नंबरों का मिलान करना, मत पत्र क्रम, पोलिंग पार्टियों की निर्धारित वाहनों से रवानगी, मशीनों की सीलिंग, मशीनों का रखरखाव, माक पोल, वोटिंग कंपार्टमेंट, सीआरसी करना, वास्तविक मतदान शुरु होने से पहले, वीवी पैट बैटरी बदलना, वीवी पैट बदलना, सीयू को पावर ऑफ करना, ग्रीन पेपर की सीलिंग, वास्तविक मतदान की सीलिंग, एबी सीलिंग, मतदाता पर्ची, क्लोज बटन दबाना, मतदान के दौरान विशेष परिस्थितियां, एएसडी मतदाता, चैलेंज वोट, टेंडर वोट, मतदाता के मत देने से इंकार करना, प्राक्सी के मतदान, आयु के संबंध में आपत्ति, मतदाता के मतदान प्रक्रिया का उल्लंघन, दृष्टिबाधित एवं विकलांग मतदाताओं बाबत, पोस्टल बैलेट, पीवी, ईडीसी, पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण दौरान सीडीओ अमृतपाल कौर, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह समेत संबंधित अधिकारी व दोनों विधानसभा के जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।



जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जानकारी देते डीएम।

## वैशाख माह की अमावस्या पर प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन, कर्वी नगर में नहीं होगा प्रवेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने वैशाख माह की अमावस्या मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर सात मई को सवेरे साढे पांच बजे से आठ मई की रात साढे नौ बजे तक भारी व मध्यम मालवाहनों आपातकालीन-आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर कर्वी नगर में प्रवेश, परिवहन-आवागमन पूरी तरह प्रतिबन्धित किया है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आठ मई के बाद आम जनता को सुगम व सुरक्षित यातायात सुलभ कराने व हादसों रोकने को कर्वी नगर में नौ मई से नये आदेश जारी करने की तिथि तक भारी वाहनों का कर्वी नगर में प्रवेश व परिवहन/आवागमन पूरी तरह से प्रतिबन्धित रहेगा। उन्होंने बताया कि लोढ़वारा मोड राजापुर मार्ग में सवेरे साढे पांच से रात साढे नौ तक, रेहुटिया रेलवे क्रॉसिंग के



पहले प्रयागराज रोड में सवेरे साढे पांच से रात्रि दस बजे तक, खोह पुलिस लाइन तिराहा मानिकपुर रोड में सवेरे साढे पांच से रात्रि दस बजे तक, शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर सतना रोड में सवेरे साढे पांच से रात्रि साढे दस बजे तक, बेड़ीपुलिया मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा बांदा रोड में सवेरे साढे पांच से रात्रि 11 बजे तक, निर्मोही अखाड़ा यूपी-एमपी बार्डर से बेड़ीपुलिया तिराहा तक सवेरे साढे पांच बजे से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे।उन्होंने बताया कि सवेरे साढे पांच बजे से नोइंट्री बैरियरों से प्रवेश किये भारी माल वाहन सवेरे छह बजे तक हर हाल में नोइंट्री क्षेत्र से बाहर निकल जायें। निर्मोही अखाड़ा यूपी-एमपी बार्डर से बेड़ीपुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नया नोइंट्री मार्ग घोषित किया है। नगर में वैवाहिक/धार्मिक/त्यौहार/ जुलूस/झांकी/शोभा यात्रा/राजनैतिक कार्यक्रमों आदि में नोइंट्री समय में परिवर्तन करने की सूचना नोइंट्री बैरियर पर दी जायेगी।

## छुआ-छूत का दंश आज भी झेल रहे ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाने के सुरजुवा पुरवा मजरा भटरी की सुमैना देवी पत्नी नारायण रैदास ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसके ससुर कमती पुत्र स्व कोईली के नाम सरकारी हैण्डपम्प भटरी गांव में लगा है।

पडोसी ने सरकारी बंजर भूमि पर लगे हैण्डपम्प को रजउवा पुत्र रमेश करवरिया ने दबंगई के जोर पर तीन माह से हैण्डपम्प में समरसेबिल का कनेक्शन करा लिया है। अब पानी नहीं भरने देता। आपत्ति पर कहता है कि चमारों का छुआ पानी नहीं पीते। हैण्डपम्प छुआ तो हाथ-पैर तोडने की धमकी देता है। पेयजल की भारी दिक्कत है। पीडिता ने कहा कि जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर सरकारी हैण्डपम्प से पेयजल नहीं लेने देता। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से दबंग के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। चित्रकूट पुलिस ने ट्वीटर में लिखा है कि मामले पर थाना राजापुर में उचित धाराओं में मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।



एसपी से शिकायत करने आये पीडित।

## दो के कब्जे से 30 क्वार्टर-37 लीटर महुआ शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी व 37 लीटर महुआ शराब बरामद की है। सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राजीव कुमार सिंह ने सुधीर निषाद पुत्र दिनेश निषाद डिलौरा के कब्जे से 19 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। भरतकूप थाने के दरोगा अजहर जमाल ने ओमप्रकाश पुत्र जौहरी रौली कल्याणपुर के कब्जे से 18 लीटर महुआ शराब व 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है।

## चार पर गुण्डा-34 पर मिनी गुण्डा एक्ट से मची खलबली

### एसपी के निर्देश पर हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने को अपराधियों की रोकथाम को जारी कार्यवाही में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले चार लोगों पर गुण्डा तथा 34 पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने भारतलाल पुत्र राजनारायण, रामलखन पुत्र लालजी, लालजी पुत्र नत्थु निषाद हरीशनपुर पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार ने राहुल मिश्रा पुत्र शिवनारायण मिश्रा पयासी पुरवा मजरा किहुनिया पर गुण्डा एक्ट लगाया है। उन्होंने लाल कोल पुत्र बाबाजान कोल डोंडामाफी, देवमुनि कोल पुत्र कोदू कोल डोंडामाफी, जगदीश कुशवाहा पुत्र भगवत प्रसाद इटवा डुडैला, भोले पुत्र भैयालाल टिकरिया, शिवकुमार कोल पुत्र रामसजीवन बगरहा मजरा इटवा डुडैला, सीताराम कोल उर्फ बादल पुत्र भैयालाल, रामप्रसाद पुत्र बोध कोल टिकरिया, गेंदालाल कोल पुत्र भूमिधर मारकुण्डी पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने रामप्रकाश, ओमप्रकाश पुत्र रामचंद्र, प्रेमचंद, रामचंद्र पुत्र लालू रसिन, अनिरुद्ध, निखिल पुत्र सीताशरण, कमाल, विमल पुत्र शारदा भैसौंधा, संतोष पुत्र लखन, लखन पुत्र रामदास, गया प्रसाद पुत्र लाखन रमपुरवा माफी भारतपुर, तुलसीदास पुत्र रामबहोरी, रामबहोरी पुत्र बूटी भरथौल, जगमोहन यादव पुत्र रामसजीवन, गया प्रसाद पुत्र शिवपूजन, रामहित पुत्र रामआश्रय, बाला प्रसाद पुत्र गंगू प्रसाद, राजा भइया उर्फ प्रमोद पुत्र बदवा, छेतानी पुत्र रघुराज इटखरी, राजा भइया पुत्र दादूलाल करारी, दीपक पटेल उर्फ अवधेश पुत्र रामस्वरुप लोखरिया पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने रामभजन पुत्र अमीर गढ़चपा, सुनील पुत्र दद्दू रमपुरिया मजरा गढ़चपा, सुनील उर्फ भोंडा पुत्र कोदू रमपुरिया, जियालाल पुत्र खिलाड़ी नागर, शिवा पुत्र चुन्नू सेखापुर पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है।



एसपी अरुण कुमार सिंह।

## हर-हाल में समय से करें शिक्षकों का वेतन भुगतान

### ब्लाक अध्यक्ष की अगुवाई में खंड शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कर्वी ब्लाक के अध्यक्ष देव यादव व ब्लाक मंत्री मनीष शुक्ला की अगुवाई में शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में शिक्षकों के नियमित वेतन भुगतान हर हाल में माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय में देने आदि की मांग उठाई।

सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कर्वी ब्लाक के अध्यक्ष देव यादव व ब्लाक मंत्री मनीष शुक्ला की अगुवाई में शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि समय से वैरियेशन न होने से वेतन विलंब से आता है। इसकी जिम्मेदारी आपकी है। कार्यालय सहायकों की तैनाती खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय को की गयी है। कार्यालय सहायकों के साथ विद्यालय निरीक्षण व शिक्षकों से सवाल-जवाब करना नियम विरुद्ध है। कार्यालय सहायकों को साथ लेकर विद्यालय निरीक्षण न करें। अपरिहार्य कारणों से साथ मे रखना पडे तो कार्यालय सहायकों को निर्देश दें कि वह निरीक्षण अवधि में विद्यालय से बाहर रहें। निरीक्षण मे किसी प्रकार का दखल न दें। कार्यालय सहायकों के सूचनाओं के बहाने शिक्षकों को फोन कर लेनदेन/सेटिंग की बातें की जाती हैं। सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है।

कार्यालय सहायकों को निर्देश दें कि सूचनाओं के लिए नोडल संकुल शिक्षक/संकुल शिक्षक वार्ता करें। नोडल संकुल शिक्षक/संकुल शिक्षक संकुल के शिक्षकों से फोन कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में उनके प्रत्यावेदन/शिकायत को रिसीव नहीं किया जाता। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने निर्देश दिये हैं कि शिक्षकों की समस्या बाबत प्रत्यावेदन लेकर जन सुनवाई पंजिका में दर्ज करें। शिक्षकों ने अनुरोध किया कि कार्यालय सहायकों को शिक्षकों के प्रत्यावेदन रिसीव करने व जन सुनवाई पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दें। वित्त नियंत्रक के आदेश पर शिक्षकों के अवशेष देयक को आनलाइन आवेदन तीन दिन में फारवर्ड करें। अवकाश को शिक्षकों के आनलाइन आवेदन अवकाश दिवस से पहले मंजूर या रिजेक्ट करें। आनलाइन अवकाश आवेदन के समय मंजूर व रिजेक्ट न करने पर शिक्षक गैरहाजिर हैं तो उसकी जिम्मेदारी खंड शिक्षाधिकारी की होगी। शिक्षकों ने कहा कि शैक्षिक सत्र में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों का भुगतान किया जाये। इस मौके पर तमाम शिक्षक मौजूद रहे।



बीईओ को ज्ञापन देते शिक्षक।

## अस्पताल के पास भी नहीं है पेयजल व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** पहाड़ी कस्बे के महत्वपूर्ण स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मुख्य चैराहे महंत हलवाई के पास लगा हैंडपम्प कई माह से खराब है। सूचना के बाद भी जिम्मेदारों ने हैण्डपम्प सुधरवाने की जरूरत नहीं समझी। गर्मी में लोग पेयजल को भटकते देखे जाते हैं।

सोमवार को पहाडी कस्बे के ज्यादातर हैण्डपम्प खराब हैं। पहाडी प्रधान व सचिव को कई बार सूचना दी गई। प्रधान व सचिव की उदासीनता से हैण्डपम्पों की मरम्मत न कराने से लोग बूंद-बूंद पानी को परेशान हैं। भीषण गर्मी में पहाडी बस स्टैण्ड व अस्पताल आने वाले लोग पेयजल को भटकते देखे जा सकते हैं। मरीजों के तीमारदार व राहगीर पेयजल को भटकते हैं।

पेयजल किल्लत से निजात दिलाने को जिम्मेदारों के हैण्डपम्प की मरम्मत न कराने से लोग खासे परेशान हैं। गर्मी में ये परेशानी ज्यादा ही बढ जाती है। प्रधान-सचिव की मनमानी से लोग परेशान हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि खंड विकास अधिकारी दिनेश प्रसाद मिश्रा को हैंडपम्प खराब होने की जानकारी दी गई है। उन्होंने हैण्डपम्प ठीक कराने की जरूरत नहीं समझी।



अस्पताल के पास का खराब हैण्डपम्प।

## पुलिस ने लौटाया खोया मोबाइल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने खोये मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि 28 अप्रैल को घाटमपुर कानपुर नगर के हरबंसपुर के अरुण कुमार पुत्र रामसजीवन ने मोबाइल खोने बाबत पोर्टल पर शिकायत की थी। भरतकूप पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन लेकर थाने में तैनात सिपाही सलीम खान ने मौके पर जाकर मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामी अरुण कुमार के सुपुर्द किया। मोबाइल पाकर उसके चेहरे में मुस्कान खिल गई। उसने पुलिस की सराहना कर धन्यवाद ज्ञापित किया।



मोबाइल पाकर खुश।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## रजिस्ट्री कार्यालय में चोरी-आगजनी का आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने रजिस्ट्री कार्यालय में हुई चोरी व आगजनी के एक वांछित को चोरी के लैपटाप समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि 23/24 जनवरी की रात धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी कर कार्यालय में आग लगाई थी। इस बाबत सब रजिस्ट्रार राजेश सिंह की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज हुआ था।

पुलिस टीम ने घटना बाबत छह लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा चुकी है। दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने पांच मई को मुकदमे की विवेचना से प्रकाश में आये आकाश यादव उर्फ रमनदीप पुत्र अलख निरंजन यादव पुरानी कोतवाली को चोरी के लैपटॉप समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता व महिला सिपाही नीतू द्विवेदी शामिल रहीं।

## अग्निकांड से रुपये समेत पूरी गृहस्थी खाक

### तीन से चार लाख क्षति का अनुमान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील के पहाडी मुस्लिमपुरवा में छोटेलाल पुत्र दौलत के घर में अचानक अज्ञात कारणों से लगी आग से घर की सारी सामग्री जलकर राख हो गई।

ये अग्निकांड सोमवार को सवेरे साढ़े छह बजे मऊ थाने के पहाडी मुस्लिम पुरवा गांव में किसान छोटेलाल के घर में हुआ। बताया गया कि अज्ञात कारणों से लगी आग देखते-देखते विकराल हो गई। गृहस्वामी छोटेलाल ने आनन-फानन में परिजनों को सुरक्षित घर से बाहर निकाला। ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गया। काफी मशक्कत के बाद लोग आग पर काबू पा सके। अग्निकांड से सालभर की मेहनत खेती-किसानी का गल्ला समेत भरण-पोषण को रखी सामग्री जलकर राख हो गई। किसान छोटेलाल ने बताया कि अचानक लगी आग से घर-गृहस्थी का सभी सामान अनाज, भूसा व घर में रखे रुपये-पैसे जल गये। अग्निकांड से तीन से चार लाख रुपये की क्षति हुई है। गृहस्वामी पर परेशानियों का बोझ आफत बनकर गिरा है। किसान छोटेलाल ने प्रशासन से गुहार लगाई कि उसे मुआवजा दिलाया जाये, ताकि परिवार की कुछ मदद हो सके। लेखपाल रावेंद्र सिंह ने घटना स्थल का मुआयना कर विधिक कार्यवाही का भरोसा दिया है।



अग्निकांड के बाद परिजनों को ढांढस देते ग्रामीण।

## शिक्षकों ने बेटी की शादी को किसान को दिये दो लाख

### 25 को अग्निकांड से किसान का जला था घर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शिक्षक समाज में ज्ञान अध्यापन समेत सामाजिक नैतिक मूल्यों-आदर्शों के चलते रामनगर ब्लाक के अतरसुई गांव के मजरा खेरवा में किसान देवीचरण के घर में आग लगने से 25 अप्रैल को गृहस्थी का सभी सामान समेत चार लाख रुपये भी स्वाहा हो गये थे। किसान पुत्री की शादी को परेशान था। उसे 28 अप्रैल को बेटी का बयाना देने जाना था। सोमवार को रामनगर ब्लाक के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी ने जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय के आवाहन पर ब्लाक के सभी शिक्षकों ने पीडित किसान देवीचरण की मदद को आगे आये। शिक्षकों ने पीडित परिवार की मदद को बढ-चढकर हिस्सा लेते हुए बेटी की शादी को एक लाख 88 हजार रुपये नकद देकर किसान परिवार की मदद की। सेवानिवृत्त शिक्षक रामलोटन पाण्डेय ने दस हजार रुपये का चेक दिया। शिक्षामित्र अवधेश ने एक हजार रुपये कुल दो लाख रुपये की मदद की। खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि ये धनराशि बेटी के कन्यादान रूपी सहयोग है। खंड शिक्षाधिकारी ने ब्लाक के सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक सामाजिक सहयोग में कभी पीछे नहीं रहा। शिक्षक की भूमिका में सदैव आगे रहे हैं। समाज को नई दिशा, नई प्रेरणा को शिक्षक तत्पर रहते हैं। चाहे कोराना महामारी में खाद्य सामग्री किट वितरण रहा हो या किसी गरीब की आर्थिक मदद का मामला-शिक्षक बढ-चढकर हिस्सा लेते रहे हैं। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने सभी शिक्षक साथियों के प्रति सहयोग करने पर खुशी जताई है।



किसान को आर्थिक मदद देते शिक्षक नेता अखिलेश पाण्डेय आदि।

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चौकी प्रभारी खण्डेहा विनय विक्रम सिंह ने बलबा, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी राजेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्रभान पियरा मजरा खण्डेहा को गिरफ्तार किया।

## ग्रामीण ने पेड से लटक की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के मंडौर गांव में सवेरे एक ग्रामीण का पेड़ से लटकता शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सोमवार को सवेरे सात बजे पेड से लटकता शव ग्रामीणों ने देखा। बताया गया कि मंडौर गांव के दादू मौर्या उर्फ राजबहादुर मौर्या (45) पुत्र गंगा मौर्या ने अज्ञात कारणों के चलते होलाई बगीचे में आम के पेड़ से लोवर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वह देर रात साढे तीन बजे घर से निकला था। गांव के लोग सवेरे शौच आदि को खेतों की ओर निकले तो दादू मौर्या का पेड़ से लटकता शव देखा। घटना की जानकारी होती ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक के पुत्र बोदर ने बताया कि पिता काफी दिनों से परेशान रहता था। मानसिक दशा ठीक नहीं थी। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मृतक की पत्नी मंजू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चार पुत्र हैं।

# विदेश मंत्री ने कहा- नेपाल कूटनीतिक माध्यम से भारत के साथ सीमा का समाधान करने के पक्ष में



**काठमांडू।** नेपाली सौ के नोट पर भारतीय इलाकों वाला विवादित नक्शा छापने के मुद्दे पर विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा है कि नेपाल कूटनीतिक माध्यम के जरिए ही भारत से सीमा समस्या का समाधान करने के पक्ष में है।

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने नेपाल के इस ताजा निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि इससे जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती है। जब विभिन्न कूटनीतिक चैनल में इस मुद्दे पर बातचीत चल रही है तो ऐसे में नेपाल का यह फैसला अप्रत्याशित है। भारतीय विदेश मंत्री के बयान के बाद आज नेपाली संसद की अन्तरराष्ट्रीय संबंध समिति ने नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से जवाब तलब किया था।

सांसदों ने विदेश मंत्री श्रेष्ठ से पूछा कि आखिर जब भूमि विवाद पर कूटनीतिक वार्ता चल रही है तो ऐसे में नेपाल ने अपने नोट पर विवादित नक्शे को छापने का निर्णय क्यों लिया सांसदों ने विदेश मंत्री से यह भी जानना चाहा कि क्या नेपाल के इस एकतरफा फैसले से कूटनीतिक वार्ता पर नकारात्मक असर पड़ेगा

सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि नेपाल भी चाहता है कि दोनों देशों के बीच रहे सीमा समस्या पर कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही समाधान निकाला जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नेपाल ने अपनी तरफ से विभिन्न स्तर पर इन विषयों को उठाया है।

उन्होंने सांसदों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नेपाल के सौ रुपये के नोट में अब तक पुराना नक्शा ही अंकित रहता था। चूंकि, नेपाल के संविधान ने जब नए नक्शे को अंगीकार करने का सर्वसम्मत से फैसला किया है तो ऐसे में नेपाल राष्ट्र बैंक की तरफ से आए प्रस्ताव को स्वीकार किया गया है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है और भारत को भी इसे सामान्य तरीके से लेना चाहिए।

# हमास की कार्रवाई के बाद इजरायल ने राफा पर किए हवाई हमले, 16 लोगों की मौत

**तेल अवीव।** हमास के रॉकेट हमले के बाद इजरायल की सेना ने सोमवार को राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में एक परिवार के नौ लोग और दूसरे परिवार के सात सदस्य मारे गए।

हमास ने दक्षिणी इजरायल में केरेम शालोम के पास हमला किया था। इसके जवाब में इजरायल ने ये कार्रवाई की है। हमास के हमले में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के तीन सैनिक मारे गए और 11 सैनिक घायल हो गए। जबकि घायलों में 931 बटालियन के जवान और शेक्ड बटालियन का एक जवान शामिल है।

आईडीएफ के अनुसार, हमला राफा क्षेत्र से सुबह-सुबह किया गया। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि युद्ध कैबिनेट सोमवार को बैठक करेगी और राफा पर जमीनी हमले पर फैसला करेगी। रक्षा मंत्री योव गैलेंट और बिना पोर्टफोलियो वाले मंत्री बेनी गैंट्ज दिन में बाद में होने वाली युद्ध कैबिनेट में हिस्सा लेंगे।



गौरतलब है कि हाल ही में काहिरा में हुई अप्रत्यक्ष मध्यस्थता वार्ता में इजरायल ने अपनी जेलों में बंद 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में मौजूद अपने कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने पर जोर दिया था। केरेम शालोम क्रॉसिंग पर हमास के हमले में तीन आईडीएफ सैनिकों की मौत और इजरायल की जवाबी कार्रवाई से काहिरा में शांति वार्ता की प्रगति प्रभावित होने की संभावना है।

## नेपाल के एक गांव में कोल्ड ड्रिंक्स पर प्रतिबंध, मेहमानों का स्वागत दूध, दही, लस्सी और छांछ से होगा

**काठमांडू।** भरतपुर जिले की गांव पालिका इच्छाकामना के प्रधान ने अपने गांव में कोल्ड ड्रिंक्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्थानीय किसानों और पशुपालकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह फैसला ग्राम पंचायत की बैठक में लिया गया है। इसके बदले में मेहमानों का स्वागत दूध, दही, लस्सी, छांछ और नींबू पानी से किया जाएगा।

इच्छाकामना गांव के प्रधान दान बहादुर गुरूंग ने बताया कि इस ग्राम पंचायत के अधीन सभी सरकारी दफ्तरों में किसी भी मेहमान के आने पर या किसी भी प्रकार की बैठक में कोल्ड ड्रिंक्स परोसने पर रोक लगा दी गई है। इसके बदले में मेहमानों का स्वागत दूध, दही, लस्सी, छांछ और नींबू पानी से किया जाएगा। गुरूंग ने बताया कि इस फैसले से स्थानीय किसानों और पशुपालकों के स्थानीय उत्पादों का प्रयोग करने से किसानों को प्रोत्साहन के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

ग्राम प्रधान गुरूंग इन दिनों अपने ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर में जाकर इस फैसले पर अमल करने का आग्रह करते नजर आते हैं। ग्राम प्रधान का मानना है कि सेहत के नजरिए से भी यह फायदेमंद ही है। गुरूंग को विश्वास है कि उनके द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को ना सिर्फ पूरे गांव का समर्थन मिलेगा, बल्कि आसपास के सरकारी दफ्तर भी इसका अनुसरण करेंगे।

## रूसी सीमावर्ती क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में छह लोगों की मौत



**मॉस्को।** रूसी सीमा क्षेत्र बेलगोरोड में यूक्रेनी ड्रोन हमले में छह लोग मारे गए। बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने सोमवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, "यूक्रेनी बलों ने बेरियोजोव्का गांव के पास तीन वाहनों को निशाना बनाया, जिससे 35 लोग घायल हो गए।"

जिन तीन वाहनों को निशाना बनाया गया, उसमें कथित तौर पर दो वाहन मजदूरों को ले जाने वाली बसें थी, हालांकि, उनके नियोक्ताओं के बारे में कोई और विवरण उपलब्ध नहीं है। ग्लैडकोव ने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें एक बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही है। यूक्रेन ने संघर्ष के दौरान रूसी सीमा क्षेत्रों में हथियार डिपो और परिवहन बुनियादी ढांचे पर छिटपुट हमले किए हैं।

## जस्टिस एसके मिश्रा बने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सेवानिवृत्त जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही वे जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष बन गए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# एफबीआई का पूर्व एजेंट कामरान फरीदी रिहा, अमेरिका से लौटना होगा पाकिस्तान

**लंदन।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के पूर्व हाई-प्रोफाइल एजेंट कामरान फरीदी को अदालत ने फ्लोरिडा जेल से लगभग चार साल बाद सशर्त रिहा कर दिया। कामरान को इस साल अगस्त से पहले पाकिस्तान लौटना होगा। पाकिस्तान के जिओ न्यूज की वेबसाइट पर इस पर विस्तार से चर्चा की गई है।

जिओ न्यूज ने अदालत के आदेश पर आधारित रिपोर्ट में कहा है कि न्यूयॉर्क के दक्षिण जिले के जिला न्यायाधीश कैथी सीबेल ने फरीदी को 84 महीने की मूल सजा काटने से 72 महीने पहले रिहा करने का आदेश दिया। कामरान फरीदी कभी कराची का स्ट्रीट गैंगस्टर रहा है।अमेरिकी सरकार ने न केवल उसकी नागरिकता रद्द कर दी है, बल्कि संयुक्त अरब अमीरात और तुर्किये में उसके दो निवास परमिट भी रद्द किए जा चुके हैं।



जेल से रिहा होने के बाद कामरान फ्लोरिडा में अपनी पत्नी केली के साथ रह रहा है। कामरान ने कहा है कि रिहाई पर अदालत ने कई शर्त लगाई हैं।उनमें प्रमुख है नागरिकता छोड़ना। यह नागरिकता 1990 के दशक की शुरूआत में एफबीआई के लिए काम करने के लिए सहमत होने के बाद मिली थी। फरीदी को 09 दिसंबर, 2022 को न्यूयॉर्क के वेस्टचेस्टर में तीन पूर्व एफबीआई सहयोगियों को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 16 अगस्त, 2018 को लंदन में कराची के व्यवसायी जाबिर मोतीवाला की गिरफ्तारी में फरीदी की भूमिका रही है। फरीदी ने एफबीआई एजेंट की भूमिका में पाकिस्तान सहित कई मुस्लिम देशों में आतंकवाद विरोधी अभियान से जुड़ा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, 1995 से फरवरी 2020 तक एफबीआई के लिए काम करने वाले फरीदी का पतन 02 मार्च, 2020 को शुरू हुआ। अगले दिन उसे अपनी पत्नी केली के साथ मियामी से यूके में प्रवेश करने की कोशिश करते समय लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। उसने लंदन के लिए उड़ान भरने से पहले मोतीवाला के लंदन के वकीलों से बात की थी। मोतीवाला उस समय अमेरिका में प्रत्यर्पण की प्रतीक्षा में बेलमार्श जेल में बंद था।

# फ्रांस, सर्बिया और हंगरी की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए राष्ट्रपति शी

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग रविवार की सुबह विशेष विमान से राजधानी पेइचिंग से रवाना हुए और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक और हंगरी के राष्ट्रपति तमस सुलियोक व प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के निमंत्रण पर उपरोक्त तीन देशों की राजकीय यात्रा शुरू की।

राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ उनकी पत्नी फंग लीयुआन, सीपीसी केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य व सीपीसी केंद्रीय समिति के जनरल कार्यालय के निदेशक छाई छी व चीनी विदेश मंत्री वांग यी आदि शामिल हैं।



फ्रांस की राजधानी पेरिस की सड़कों पर चीन और फ्रांस के राष्ट्रीय झंडे हवा में लहरा रहे हैं और सभी क्षेत्रों के स्थानीय लोग चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस वर्ष चीन और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रविवार को फ्रांस की राजकीय यात्रा शुरू की। यह राष्ट्रपति शी की पांच वर्षों के बाद फ्रांस की फिर एक बार राजकीय यात्रा है, और यह उनकी फ्रांस की तीसरी राजकीय यात्रा भी है।

## भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान; स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार सुश्री प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई, 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ एक संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक की। जेटीसी की सह-अध्यक्षता घाना गणराज्य के व्यापार और उद्योग उप मंत्री माननीय माइकल ओकेरे-बाफी और वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने की।

## नेपाल से चल रही थी आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टेबाजी, 13 भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के सीमावर्ती शहर बुटवल से 13 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर भारत में चल रहे आईपीएल मैचों में सट्टेबाजी में शामिल होने का आरोप है।

बुटवल पुलिस के डीएसपी विजयराज पंडित ने बताया कि बुटवल शहर के एक घर पर छापा मार कर इन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस को एक घर के फ्लैट में कुछ युवाओं की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर इलाका प्रहरी कार्यालय बुटवल और इलाका प्रहरी कार्यालय रामनगर ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर इन सबकी गिरफ्तारी की है।

उन्होंने बताया कि बुटवल के कालिकानगर मोहल्ले में एक घर किराए पर लेकर यहीं से ऑनलाइन सट्टेबाजी का धंधा चलाया जा रहा था। छापामारी के दौरान उस घर से 13 भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, अभी इनके नाम सार्वजनिक नहीं किये गए हैं। इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस को उस घर से 15 लैपटॉप, 38 मोबाइल फोन, 50 से अधिक सिमकार्ड बरामद किये हैं।

## नेपाली संसद का बजट सत्र मंगलवार से, स्पीकर ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**काठमांडू।** नेपाली संसद का बजट सत्र मंगलवार से शुरू होगा। विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बिना सत्र चले ही संसद को स्थगित करने के बाद इस बार बजट सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

स्पीकर घिमिरे ने संसद में प्रतिनिधित्व कर रहे सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और संसदीय दल के नेताओं को बैठक के लिए निमंत्रण भेजा है। उन्होंने बताया कि यह बजट सत्र बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसलिए सत्र को सुचारू ढंग से चलाने के लिए मैंने यह पहल की है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान राष्ट्रपति का अभिभाषण होना है, इसलिए सभी दलों के बीच में संसद सत्र को लेकर सहमति बननी चाहिए।

स्पीकर की तरफ से दलों के बीच सहमति कराने के प्रयासों के बीच प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि सहकारी घोटाले की जांच और गृहमंत्री की संलग्नता को लेकर जब तक संसदीय जांच समिति का गठन नहीं हो जाता है, तब तक संसद नहीं चलने दी जाएगी। नेपाली कांग्रेस की इस मांग पर अन्य विपक्षी दलों राष्ट्रीष प्रजातंत्र पार्टी, जनमत पार्टी और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी का भी समर्थन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोईराला ने कहा कि या तो गृहमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए या फिर सरकार को संयुक्त संसदीय जांच समिति का गठन करना चाहिए।

विपक्षी दल की मांग को देखते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय जांच समिति के गठन का संकेत किया है। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमारी पार्टी के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा को फोन कर संसदीय समिति गठन का प्रस्ताव किया है लेकिन कांग्रेस की तरफ से जांच समिति गठन और इसके कार्यविधि को लेकर कुछ शर्तें रखी है। उसके बाद ही उनका विरोध खत्म होने की बात बताई गई है।

## गाजा से हटने की हमास की मांग मंजूर नहीं कर सकते : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** बंधकों की रिहाई के लिए चल रही बातचीत और बढ़ती मांगों के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश गाजा में युद्ध खत्म करने की हमास की मांग मंजूर नहीं करेगा। बीबीसी के मुताबिक, नेतन्याहू ने कहा, "हम ऐसे हालात कबूल करने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसमें हमास बटालियन अपने बंकरों से बाहर आती हैं, गाजा पर फिर से कब्जा कर लेती हैं, अपने सैन्य बुनियादी ढांचे फिर से बनाती हैं और दक्षिण के शहरों में रहने वाले इजरायल के नागरिकों को धमकी देने के लिए वापस आती हैं।" उन्होंने दोहराया, "इजरायल हमास की मांगों पर सहमत नहीं होगा।"



उनका बयान तब आया, जब मिस्र में हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई के बदले में इजरायल के गाजा हमले को रोकने के लिए एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू हुई। मुख्य विवाद यह है कि क्या इजरायली जेलों में बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के लिए लगभग 40 दिनों का ठहराव स्थायी होगा, जैसा कि हमास चाहता है।

बीबीसी केअनुसार, नेतन्याहू ने तर्क दिया कि प्रस्तावित समझौते से गाजा पर हमास का नियंत्रण बना रहेगा और वह इजरायल के लिए खतरा बना रहेगा। वरिष्ठ नेता इस्माइल हनीयेह के सलाहकार हमास के एक अधिकारी ने कहा कि समूह नए प्रस्ताव को "पूरी गंभीरता" के साथ देख रहा है, लेकिन उन्होंने अपनी मांग दोहराई कि किसी भी समझौते में स्पष्ट रूप से गाजा से इजरायली सेना की वापसी और युद्ध के पूर्ण अंत का जिक्र है।